**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 15 |
| आर्द्रता | 71% |
| सूर्योदयः 6:14 | सूर्यास्तः 16:59 |


ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष अष्टमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये




भारत ने बांग्लादेश को हराकर अंडर19 टी20 एशिया कप जीता –पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** जीवन में सुकून केवल अच्छे कर्मों से ही आता है।


RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# बंगाल से एक और संदिग्ध कश्मीरी आतंकी गिरफ्तार



- आतंकी संगठन तहरीक-ए-मुजाहिदीन का सदस्य हैं
- बांग्लादेश में घुसपैठ करने के लिए बंगाल के कैनिंग में आया था

**कोलकाता :** जम्मू-कश्मीर पुलिस और बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने शनिवार को राज्य के दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग से कश्मीर घाटी में सक्रिय प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-मुजाहिदीन के एक संदिग्ध सदस्य को गिरफ्तार किया है। उसका नाम जावेद मुंशी है। वह श्रीनगर के चानपुर का निवासी है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बता दें कि तहरीक-ए-मुजाहिदीन को पाकिस्तान से नियंत्रित किया जाता है और घाटी, पाकिस्तान और बांग्लादेश में अन्य आतंकी संगठनों के साथ उसके संपर्क हैं।

अधिकारी ने बताया कि वह कुछ दिन पहले दिल्ली से फ्लाइट से कोलकाता आया था। इसके बाद वह कार से कैनिंग अस्पताल के पास गुलशन कालोनी स्थित अपने जीजा के घर गया था, जहां से उसकी गिरफ्तारी हुई है। बिल्डिंग के लोग उसे शाल विक्रेता के रूप में जानते थे। जावेद घाटी में विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहा है और कई बार जेल की सजा काट चुका है। जम्मू-कश्मीर पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। वह 2011 में अहल-ए-हदीस के नेता शौकत शाह की हत्या में शामिल रहा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सैटेलाइट लोकेशन के जरिए बंगाल के कैनिंग जावेद का पता लगाया।

### पाकिस्तान में लिया प्रशिक्षण,आईईडी बनाने में माहिर

जावेद मुंशी ने पाकिस्तान में आतंकी प्रशिक्षण हासिल किया था। संगठन की रणनीतियों को अंजाम देने में उसकी अहम भूमिका थी। उसे मुस्लिम युवकों को संगठन में भर्ती करने का काम सौंपा गया था। वह मुस्लिम लीग को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से भी काम कर रहा था। वह आईईडी विशेषज्ञ है। लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों के निर्देश पर वह बांग्लादेश में घुसपैठ करने के लिए कैनिंग इलाके में आया था। उसकी बांग्लादेश से पाकिस्तान जाने की योजना थी। कई मौकों पर उसने बांग्लादेश, नेपाल और पाकिस्तान की यात्रा की है।

### जिहादी साहित्य और कई दस्तावेज जब्त

पुलिस ने उसके पास से एक किताब (जिहादी साहित्य), एक सीडी, एक प्लास्टिक बैग और कई दस्तावेज जब्त किए हैं। उसे रविवार को अलीपुर अदालत में पेश किया गया जहां न्यायाधीश ने जम्मू-कश्मीर पुलिस को उसे 31 दिसंबर तक ट्रांजिट रिमांड पर ले जाने की अनुमति दे दी।

### बंगाल में मतदाता सूची में संदिग्ध आतंकी का नाम

बता दें कि पिछले दिनों असम पुलिस ने आतंकी संगठन अंसारुल्ला बांग्ला टीम के आठ संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक संदिग्ध आंतकी मोहम्मद शाद रदी उर्फ शब शेख के आधार कार्ड में बंगाल का पता मिला है। उसका नाम मुर्शिदाबाद के दो विधानसभा क्षेत्रों नवदा और हरिहरपाड़ा की मतदाता सूची में भी है। इसके अलावा दो संदिग्ध सदस्यों मिनारुल शेख और मोहम्मद अब्बास अली, जिन्हें मुर्शिदाबाद जिले के हरिहरपाड़ा से गिरफ्तार किया गया था, आत्मघाती हमले के लिए युवाओं का ब्रेनवाश कर रहे थे।

## जीआरएपी के चौथे चरण के लागू होने के बावजूद दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में पहुंची

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की वायु गुणवत्ता रविवार को और खराब हो गई और 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम चार बजे 409 पर पहुंच गया जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। शनिवार को एक्यूआई 370 दर्ज किया गया था, जो 'बहुत खराब आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच को 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच को 'मध्यम', 201 से 300 के बीच को 'खराब', 301 से 400 के बीच को 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच को 'गंभीर' माना जाता है। रविवार को राजधानी में पीएम 2.5 का स्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया और 39 निगरानी केन्द्रों में से 37 ने वायु गुणवत्ता को 'गंभीर' में श्रेणी में बताया।कुछ क्षेत्रों में एक्यूआई का स्तर 474 तक दर्ज किया गया।दिल्ली अब भी 'ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान' (जीआरएपी) का चौथे चरण लागू है जिसमें कड़े प्रदूषण-रोधी उपाय शामिल हैं।

## भारत, कुवैत ने सीमापार आतंकवाद की निंदा की, आतंकवाद रोधी सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया

**कुवैत सिटी :** भारत और कुवैत ने रविवार को आतंकवाद रोधी सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया और साथ ही सीमापार आतंकवादी गतिविधियों सहित सभी प्रकार के आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खाड़ी देश की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों के बीच बातचीत में आतंकवाद की चुनौती से निपटने के तरीकों पर चर्चा हुई। एक संयुक्त वक्तव्य में कहा गया, "दोनों पक्षों ने सीमापार आतंकवाद सहित सभी प्रकार के आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा की तथा आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क और सुरक्षित पनाहगाहों पर नकेल कसने एवं आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने का आह्वान किया।'' सीमापार आतंकवाद का उल्लेख जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन के बीच आया है। रविवार को मोदी ने कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा, कुवैती प्रधानमंत्री अहमद अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबा तथा अन्य कुवैती नेताओं से व्यापक वार्ता की, जिसमें समग्र द्विपक्षीय संबंधों को नयी गति देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने साइबर सुरक्षा में सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों और साधनों पर चर्चा की, जिसमें आतंकवाद, कट्टरपंथ और सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने के लिए साइबरस्पेस के इस्तेमाल की रोकथाम शामिल है। इसमें कहा गया है कि आतंकवाद रोधी अभियानों, सूचना और खुफिया जानकारी साझा करने तथा अनुभवों और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने में सहयोग बढ़ाने पर सहमति हुई। वक्तव्य के अनुसार, "सुरक्षा के क्षेत्र में जारी द्विपक्षीय सहयोग की सराहना करते हुए, दोनों पक्षों ने आतंकवाद रोधी अभियानों, सूचना और खुफिया जानकारी साझा करने, अनुभवों, सर्वोत्तम प्रथाओं और प्रौद्योगिकियों का विकास और आदान-प्रदान करने, क्षमता निर्माण और कानून प्रवर्तन, धन शोधन रोधी सहयोग को मजबूत करने में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।'' मोदी और अमीर के बीच वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया।

### प्रधानमंत्री मोदी को कुवैत के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया




कुवैत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान ' द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर' से रविवार को सम्मानित किया। भारत और कुवैत के बीच संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए मोदी को इस सम्मान से नवाजा गया है। कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने प्रधानमंत्री मोदी को इस सम्मान से नवाजा। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "मुझे कुवैत के महामहिम अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल सबा द्वारा 'मुबारक अल-कबीर ऑर्डर' से सम्मानित किए जाने पर गर्व है। मैं यह सम्मान भारत की जनता तथा भारत और कुवैत के बीच मजबूत दोस्ती को समर्पित करता हूं।''

## पश्चिम बंगाल और बिहार में भूजल आर्सेनिक से सबसे अधिक प्रभावित: केंद्र ने हरित अधिकरण को बताया

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को बताया है कि पश्चिम बंगाल और बिहार में भूजल आर्सेनिक से सबसे अधिक प्रभावित मिले हैं। अधिकरण इस मुद्दे पर सुनवाई कर रहा है कि चावल के आर्सेनिक से संदूषित होने का संदेह है क्योंकि यह पानी और मिट्टी से विषैले अर्ध-धात्विक तत्व को अधिक अवशोषित करता है। इससे पहले हरित अधिकरण ने इस पर केंद्र से जवाब मांगा था। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की पीठ ने 16 दिसंबर के आदेश में कहा कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) से जानकारी मांगने के बाद अपना जवाब दाखिल किया था। केंद्र ने अपने जवाब में कहा, "पश्चिम बंगाल और बिहार में भूजल में आर्सेनिक संदूषण सर्वाधिक है। दूषित भूजल द्वारा सिंचाई, कृषि मिट्टी में आर्सेनिक के प्रवेश का प्रमुख मार्ग है जो अंततः खाद्य श्रृंखला में इसके प्रवेश का कारण बनता है।'' जवाब में कहा गया है कि चावल में विषैले तत्व की मात्रा काफी अधिक हो सकती है क्योंकि इसकी पैदावार पानी में होती है। इस पर अधिकरण ने कहा कि केन्द्र के जवाब के अनुसार पौधों में आर्सेनिक सामग्री जड़ों, तनों और और फिर पत्तियों में पहुंचती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, " पत्ते वाली सब्जियों (पालक, मेथी आदि) और भूमिगत सब्जियों (चुकंदर, मूली आदि) के खाने योग्य भागों में बैंगन, सेम, भिंडी, टमाटर आदि के खाने योग्य भागों की तुलना में बहुत अधिक आर्सेनिक पाया गया....।'' केन्द्र की ओर से दिए गए उत्तर में मृदा-पौधे प्रणाली में आर्सेनिक के प्रभाव को कम करने के लिए विभिन्न उपचारात्मक उपाय भी सुझाए गए।

## धर्म के नाम पर उत्पीड़न धर्म की समझ की कमी के कारण: भागवत



**अमरावती (महाराष्ट्र) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि धर्म के नाम पर होने वाले सभी उत्पीड़न और अत्याचार गलतफहमी और धर्म की समझ की कमी के कारण हुए। महाराष्ट्र के अमरावती में महानुभाव आश्रम के शताब्दी समारोह में उन्होंने कहा कि धर्म महत्वपूर्ण है और इसकी उचित शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, "क्योंकि धर्म का अनुचित और अधूरा ज्ञान अधर्म की ओर ले जाता है। धर्म के नाम पर दुनिया भर में हुए सभी उत्पीड़न और अत्याचार वास्तव में धर्म की गलतफहमी और समझ की कमी के कारण हुए।'' उन्होंने कहा कि धर्म हमेशा से अस्तित्व में रहा है और सब कुछ इसके अनुसार चलता है, इसीलिए इसे सनातन कहा जाता है। उन्होंने कहा कि धर्म का आचरण ही धर्म की रक्षा है।

## नीतीश के नेतृत्व में बिहार विधानसभा का अगला चुनाव लड़ेगा राजग: सम्राट चौधरी



**नयी दिल्ली :** बिहार के उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सम्राट चौधरी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) अगले साल बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ेगा। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह पूछे जाने पर कि आगामी विधानसभा चुनाव में क्या राजग कुमार को अपने नेता के तौर पर पेश करने पर पुनर्विचार कर सकता है, तो इसपर उन्होंने कहा, ''कोई भ्रम नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में एक समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में यह पूछे जाने पर कि क्या राजग मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए बिना बिहार में चुनाव में जा सकता है, जैसा कि हाल ही में उसने महाराष्ट्र में किया था, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष शाह ने था, हम एक साथ बैठेंगे और फैसला करेंगे। निर्णय लेने के बाद हम आपको बताएंगे। उनकी इस प्रतिक्रिया से ये अटकलें तेज हो गई थीं कि भाजपा 2025 के चुनावों में कुमार को मुख्यमंत्री के रूप में पेश नहीं करने पर जोर दे सकती है। चौधरी ने अटकलों को खारिज करते हुए कहा, बिहार में राजग नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काम कर रहा है और हम दोनों नेताओं के नेतृत्व में चुनाव लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा, 2020 में हमने (कुमार को राजग का मुख्यमंत्री चेहरा घोषित करने के बाद) चुनाव लड़ा और आज तक हमने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को केवल (बिहार में एनडीए नेता के रूप में) माना है। भविष्य में भी हम नीतीश कुमार और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे। बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव 2025 के अंत में होने हैं।

## अंतरिक्ष में फसलें कैसे उगती हैं, इसरो 'पीएसएलवी-सी60' मिशन के माध्यम से करेगा अध्ययन

**नयी दिल्ली :** बाहरी अंतरिक्ष में बीज के अंकुरण का प्रदर्शन, वहां मौजूद मलबे को पकड़ने के लिए एक रोबोटिक हाथ और हरित प्रणोदन प्रणाली का परीक्षण इसरो के पीएसएलवी रॉकेट के चौथे चरण 'पीओईएम-4' से संबंधित नियोजित कुछ प्रयोग हैं। साल के अंत में प्रक्षेपित होने वाला 'पीएसएलवी-सी60' मिशन भारत के अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण अंतरिक्ष 'डॉकिंग' प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए दो उपग्रहों 'चेज़र और टारगेट' को स्थापित करेगा। पीएसएलवी कक्षीय प्रयोग मॉड्यूल (पीओईएम) अंतरिक्ष में विभिन्न प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करने के लिए 24 प्रयोग करेगा। इनमें 14 प्रयोग भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की विभिन्न प्रयोगशालाओं से और



प्रयोग 10 निजी विश्वविद्यालयों तथा 'स्टार्ट-अप' से संबंधित हैं। इसरो ने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) द्वारा विकसित कक्षीय पादप अध्ययन के लिए कॉम्पैक्ट अनुसंधान मॉड्यूल (क्रॉप्स) के हिस्से के रूप में सक्रिय ताप नियंत्रण के साथ बंद बॉक्स जैसे वातावरण में बीज के अंकुरण और पौधे के पोषण से लेकर दो पत्ती वाले चरण तक लोबिया के आठ बीज उगाने की योजना बनाई है। एमिटी विश्वविद्यालय, मुंबई द्वारा विकसित एमिटी अंतरिक्ष पादप प्रयोग मॉड्यूल (एपीईएमएस) के तहत सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण वातावरण में पालक के विकास का अध्ययन करने की योजना है। वीएसएससी द्वारा विकसित 'डेब्रिस कैप्चर रोबोटिक मैनिपुलेटर' अंतरिक्ष वातावरण में 'रोबोटिक मैनिपुलेटर' से बंधे हुए मलबे को पकड़ने का प्रदर्शन करेगा।

## हैदराबाद में अल्लू अर्जुन के घर पर तोड़फोड़



**हैदराबाद :** 'उस्मानिया विश्वविद्यालय ज्वांइट एक्शन कमेटी' के सदस्य होने का दावा करने वाले लोगों के एक समूह ने रविवार को यहां स्थित अल्लू अर्जुन के आवास में तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने अभिनेता के खिलाफ नारे लगाए और उस महिला को न्याय दिलाने की मांग की, जिसकी इस महीने संध्या सिनेमाघर में भगदड़ के दौरान मौत हो गई थी। इस महीने की शुरुआत में अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-2' की स्क्रीनिंग के दौरान यहां सिनेमाघर में भगदड़ मच गयी थी, जिसमें एक महिला की मौत हो गयी थी और उसका बच्चा बेहोश हो गया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारियों के पास मौजूद एक तख्ती पर लिखा था, 'फिल्में बनाकर करोड़ों रुपये कमाए जा रहे हैं, जबकि फिल्म देखने वाले मर रहे हैं।' यह एक्शन कमेटी तेलंगाना को राज्य का दर्जा दिलाने के आंदोलन में सबसे आगे रही थी।


पीसीएस-प्री की परीक्षा में महज 42 प्रतिशत अभ्यर्थी शामिल हुए पृष्ठ 6

शाह ने त्रिपुरा में केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान की आधारशिला रखी पृष्ठ 7



उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown
Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com






A Fresh Reason to Return...!
- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock

2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION

PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE



Four Square by Basu Hotel
PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA
For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545
For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241
THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS

## संविधान व लोकतंत्र की गरिमा को ठेस

जब देश की नई संसद में सदन की कार्रवाई शुरू हुई, तो विश्वास था कि देश में संसदीय मर्यादाओं को नई गरिमा मिलेगी। लेकिन हाल ही में संपन्न शीतकालीन सत्र के दौरान हुए हंगामे ने देश के आम जनमानस को गहरे तक निराश ही किया। सड़क पर सांसदों की धक्का-मुक्की और आरोप-प्रत्यारोपों ने उन मतदाताओं को ठेस पहुंचायी, जिन्होंने उन्हें अपने प्रतिनिधि के रूप में चुना था। आरोप-प्रत्यारोप तो सांसदों की पुरानी परंपरा रही है, लेकिन इस बार तो बात धक्का-मुक्की से लेकर थाने तक जा पहुंची। ऐसे में सवाल किया जा सकता है कि जब हमारे माननीयों का व्यवहार ऐसा होगा तो आम आदमी से क्या उम्मीद की जा सकती है। दरअसल, महाराष्ट्र चुनाव में करारी शिकस्त से पस्त विपक्ष सरकार पर हमले के लिये मुद्दे की तलाश में था। उन्हें मुद्दा खुद गृहमंत्री अमित शाह ने दे दिया। संविधान के रचयिताओं में अग्रणी डॉ. बी.आर. अंबेडकर के बारे में शाह की टिप्पणी के बाद एनडीए और इंडिया गठबंधन के सांसदों के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला कालांतर टकराव में बदल गया। निश्चय ही राजनेताओं के व्यवहार से देश-विदेश में कोई अच्छा संदेश नहीं गया। जिन सांसदों के हाथ में कानून की गरिमा बनाये रखने की जिम्मेदारी है, वे हाथ ही धक्का-मुक्की में लिप्त होने लगे। जो जनप्रतिनिधियों की कथनी-करनी के अंतर को ही दर्शाता है। सही मायनों में यह मतदाताओं का भी अपमान है जिन्होंने उन्हें चुनकर संसद में भेजा है। निस्संदेह, जब अमित शाह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का नाम जपना एक फैशन बन गया तो ऐसा करके उन्होंने अपना कद कदापि नहीं बढ़ाया। इस तरह उन्होंने संविधान के जनक को एक अनावश्यक विवाद में घसीट लिया। महाराष्ट्र चुनाव में पराजय के बाद खस्ता हाल में आये विपक्ष को इस विवाद ने राजग पर एकजुट हो हमलावर होने का अवसर दे दिया है। विपक्ष ने भी मुद्दे को तुरंत लपक लिया। लेकिन इस तरह के विवाद को असंसदीय ही कहा जाएगा।

कालांतर में स्थिति यहां तक पहुंच गई कि शाह की बयानबाजी के बचाव में खुद प्रधानमंत्री को उतरना पड़ा। उन्होंने कांग्रेस पर राजनीतिक स्वार्थ के लिये दुर्भावनापूर्ण झूठ का सहारा लेने का आरोप भी लगाया। निस्संदेह, डॉ. बी.आर. अंबेडकर एक ऐसे राष्ट्रीय प्रतीक हैं, जिनकी गरिमा को कोई भी राजनीतिक पार्टी नजरअंदाज नहीं कर सकती। यह स्पष्ट ही है कि राजनीतिक लाभ के लिए दोनों प्रमुख पार्टियां उनकी विरासत पर कब्जा करने को यह खेल खेल रही हैं। उनका अमर्यादित व्यवहार इस स्थिति को और गंभीर बना देता है। विडंबना ही है कि ये स्थितियां तब पैदा हुईं जब देश संविधान को अपनाने के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी समारोह आयोजित कर रहा था। दुनिया को यह बताने का प्रयास कर रहा था कि लोकतंत्र, न्याय और समानता की कसौटी पर यह जीवंत दस्तावेज खरा उतरा है। निस्संदेह, इस बात में दो राय नहीं हो सकती कि संविधान के आदर्शों को बनाये रखना सभी सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उनकी प्राथमिकता सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने की होनी चाहिए, न कि आरोप-प्रत्यारोप व टकराव की सीमाएं लांघने की। वे कम से कम लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा और गरिमा को बनाये रखने का दायित्व तो निभा ही सकते हैं। यदि ऐसा न हुआ तो लोकतंत्र का यह मंदिर प्रहसन के रंगमंच में बदल जाएगा। साथ ही भारत के विश्व गुरु व विश्व बंधुत्व के नारे में भी कोई तार्किकता नहीं रह जाएगी। आज देश बेरोजगारी, महंगाई तथा विकास से जुड़ी तमाम समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे विवादों से तो मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकता है। जबकि जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता जन कल्याण के रास्ते तलाशना होना चाहिए। निश्चित रूप से देश-दुनिया में इस विशालतम लोकतंत्र की कारगुजारियों का अच्छा संदेश तो कदापि नहीं जाएगा। हमारे जनप्रतिनिधियों को सोचना चाहिए कि जनता के करों के पैसे से चलने वाले सदन ने शीतकालीन सत्र में क्या हासिल किया। निश्चित रूप से इस सत्र के दौरान होने वाले अप्रिय विवादों से देश-दुनिया में कोई अच्छा संदेश तो कदापि नहीं गया है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 23 दिसम्बर, सोमवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, पौष कृष्णपक्ष अष्टमी, 17:08 तक, नक्षत्र : उत्तर फाल्गुनी, 09:04 तक, योग : सौभाग्य, 19:52 तक, सूर्योदय: 6:14, सूर्यास्त: 16:59 चन्द्रोदय : 24:16, चन्द्रास्त: 11:42, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 07:36 से 08:56

## राशिफल

**मेष :** ममेष राशि वालों के लिए आज का दिन करियर में सफलता से भरा रहेगा। पूरा दिन व्यस्तता बनी रहेगी। आपके भौतिक और सांसारिक दृष्टिकोण में कुछ बदलाव हो सकता है।

**वृष :** वृष राशि वालों को करियर में लाभ होगा। जीवन सफलता से भरा रहेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्तम धन-संपत्ति की प्राप्ति होगी। चन्द्रमा की शुभ दृष्टि से सफलता के योग बन रहे हैं।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए दिन सफलता से भरा रहेगा। पूरा दिन भागदौड़ में बीतेगा। शाम तक स्थिति में सुधार होगा। इससे आपका मन प्रसन्न होगा।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन सफलता से भरा रहेगा। उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। कुछ खर्च हो सकता है। परिवार के लोगों के साथ किसी बात को लेकर बहस हो सकती है।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों का दिन शुभ है और आपको हर कार्य में आशातीत सफलता प्राप्त होगी और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। संतान के प्रति आपके दायित्व की पूर्ति होगी।

**कन्या :** कन्या राशि वालों को लाभ होगा। कारोबार में सफलता के योग बन रहे हैं। जीवन में खुशहाली बढ़ेगी और आप तरक्की करेंगे। नौकरी और कारोबार में सफलता मिलेगी।

**तुला :** तुला राशि वालों को करियर में लाभ होगा। पराक्रम में वृद्धि होगी। इससे मन को संतोष मिलेगा। दिन आनंद में बीतेगा और आप सफल होंगे।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। बिजनस में भरपूर लाभ होगा। किसी विशेषज्ञ की सलाह आगे चलकर उपयोगी साबित होगी।

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए करियर में लाभ का दिन है। तरक्की मिलेगी। अचानक बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी। इससे आपके कोष में वृद्धि होगी और मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको अपने पारिवारिक मामलों में पूरा ध्यान देना होगा। आप खुद को बेहतर बनाए रखने की कोशिश करेंगे।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसे आप पूरा करने की कोशिश करेंगे।

# डॉ. आंबेडकर को सही परिप्रेक्ष्य में समझने की आवश्यकता !

**डॉ सुधाकर कुमार मिश्रा**

डॉ आंबेडकरजी भारतीय राजनीति के महान नेता थे। भारत के स्वतंत्रता के समय आंबेडकर जी सामाजिक परिवर्तन चाहते थे, सामाजिक परिवर्तन के पुरोधा समाज की दुरावस्था एवं सामाजिक कुरीतियों को देखकर आत्मा से दु:खी थे और उनको बदलने के लिए प्रयत्नशील थे । उनके सामाजिक कार्यक्रमों में तत्कालीन कांग्रेस ने रोड़ा लगाया था। कांग्रेस के सन् 1886 के दुसरे अधिवेशन में तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष श्री दादाभाई नौरोजी ,जो भारत के व्यवृद्ध व्यक्ति थे और उदारवादी नेता थे ने कहा था कि कांग्रेस संगठन को अपना ध्यान राजनीतिक विषयों पर देना चाहिए। सन् 1887 के मद्रास अधिवेशन के समय भी कांग्रेस अध्यक्ष श्री बदरुद्दीन तैय्यब जी ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने आपको सामाजिक समस्याओं से अलग रखें। डॉ आंबेडकर जी ने अपना ध्यान बाल - विवाह , अछूतोद्धार,स्त्री वर्ग की प्रगति, अस्पृश्यता तथा अन्य रूढ़ियों के समाप्त करने का कार्य किया। यह महत्वपूर्ण तथ्य है कि जिन लोगों ने स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सत्ता प्राप्त किए , वे समाज सुधार से कोसों दूर चले गए। आंबेडकर जी का कहना था कि मैं सामाजिक सुधार को राजनीतिक सुधार की अपेक्षा अधिक मौलिक मानता हूं।

वर्तमान में गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के बयान को अंबेडकर जी का अपमान क्यों माना जा रहा है? इससे भाजपा की दलित राजनीति कैसे प्रभावित हो सकती है? यदि ईश्वर शोषण से मुक्ति देनेवाला है तो डॉक्टर अंबेडकर जी जाति व्यवस्था में बटे भारतीय समाज के उन करोड़ों लोगों के ईश्वर हैं जिन्होंने सदियों तक सामाजिक, आर्थिक ,राजनीतिक और शैक्षणिक भेदभाव झेला है। ईश्वर वह है जो जीवन की गुणवत्ता ,समानता एवं औषधि प्रदान करता है ।अंबेडकर जी ने दलित वर्गों के लिए अति प्रसंसनीय कार्य किया है ,यही कारण है कि अंबेडकर जी की विचारधारा से जुड़े और दलित राजनीति से जुड़े लोग अमित शाह के इस बयान को अंबेडकर जी के अपमान के रूप में देख रहे हैं। समकालीन में सभी राजनीतिक दलों को अंबेडकर जी को अपनाने की होड़ मची है और राजनीतिक दल अंबेडकर जी के विचारों को क्रियान्वित करने के बजाय उनकी पहचान को इस्तेमाल कर दलित मतदाताओं को अपने राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग कर रहे है।

भारतीय जनता पार्टी लम्बे समय से ब्राह्मणों और बनियों की पार्टी कही जाती थी, लेकिन बीजेपी ने खासकर मोदी जी के नेतृत्व में अपने वोटरों का प्रसार अन्य पिछड़ा वर्ग(जइउी) और दलित वर्ग तक किया था। भारतीय राजनीति में यह वोटर्स ' तैरते हुए ' माने जाते हैं, क्योंकि इन मतदाताओं का रुझान बदलता रहता है। बीजेपी की भरपूर कोशिश रहती है कि जातीय पहचान की राजनीति हावी ना हो और बहुसंख्यक हिंदुओं की धार्मिक पहचान की राजनीति मजबूत हो। बीजेपी के मातृ संगठन आरएसएस(संघ ) मुख्य तौर पर महाराष्ट्र की ऊंची जातियों खासकर ब्राह्मणों का सामाजिक संगठन था और संघ के शुरुआती जुड़ाव में अनुसूचित जातियां इसके तरफ आकर्षित नहीं थे । यह सार्वभौमिक सत्य है कि आरएसएस ने अभी तक जाति आधारित प्रधानता नहीं दिया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा समरसता पर आधारित है। राजनीति में सफल प्रदर्शन के लिए सभी जातियों की भूमिका होती है । 1974 में बालासाहेब देवरस संघ के सरसंचालक थे । संघ ने अपने रवैया में बदलाव किया ।अंबेडकर जी, पेरियारजी और महात्मा फुले जी जैसे महापुरुषों के नाम को अपनी प्रार्थना में जोड़ा था, इसके अतिरिक्त दलित और आदिवासियों को अपनी तरफ आकर्षित कर लेने के लिए अनेक कार्यक्रम प्रारंभ किए थे। संघ भी अपने स्तर पर वनवासी कल्याण आश्रम और समरसता इकाई को प्रारंभ किया।

बीजेपी ने जनसंघ की स्थापना के समय से दलितों को पार्टी में सम्मान दिया था। डॉक्टर अंबेडकर जी के चुनावी महासमर के सहयोगी तत्कालीन प्रचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी जी थे। डॉ आंबेडकर जी के प्रति संघ में शुरुआत से सम्मान और आदर का भाव था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रमुख विशेषता है कि वह विद्वानों को भरपूर सम्मान करता है। वर्तमान में भारतीय राजनीति में डॉक्टर अंबेडकर जी को अपनाने की राजनीतिक प्रतियोगिता चल रही है। कांग्रेस लगातार संविधान ,जातिगत जनगणना और आरक्षण की बात कर रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे जी हैं, जो दलित वोटर को लुभाने का रासायनिक प्रभाव है। बीजेपी ने आंबेडकर जी के पंच तीर्थ की स्थापना किया है।लंदन में आंबेडकर जी का स्मारक बनवाया है ।संविधान दिवस( 26 नवंबर) 2014 के पश्चात बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। भारतीय राजनीति में आंबेडकर जी को अपनी तरफ आकर्षित करने का यह राजनीतिक प्रयास है।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में दलितों की आबादी करीब 16.6 प्रतिशत है, लेकिन दलित संगठनों का मानना है कि भारत में दलितों के वास्तविक आबादी 20% से अधिक है। लोकसभा में 84 सीट्स दलितों के लिए आरक्षित हैं । ऐसे में इतनी प्रतिशत संख्या और 84 सीट्स राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण खेल कारक है ।राजनीतिक विश्लेशको का मानना है कि राजनीतिक सत्ता प्राप्ति के लिए दलितों को परंपरागत वोटर के तौर पर व्यवहार करना अति आवश्यक है।

डॉ आंबेडकर जी ने जिस समय भारतीय क्षितिज पर आंदोलन का प्रारंभ किया ,उस समय भारतीय समाज में रूढ़िवादिता, परंपरावाद, जातिवाद, छुआछूत ,सामंतवाद, घृणित प्रथाएं, देहलोकगमन के पश्चात स्वर्ग और नरक और भाग्यवाद के अतार्किक,रूढ़िवादी और अवैज्ञानिक नियमों और पाशविक बंधनों में हिंदू समाज बुरी तरह जकड़ा हुआ था।

वह कठोर प्राचीन धार्मिक रूढ़िवादी नियमों का परित्याग करना चाहते थे और उनकी प्रबल इच्छा थी कि उनका स्थान सिद्धांतों पर आधारित धर्म द्वारा ग्रहण किया जाना चाहिए। उनका मानना था कि धर्म प्रधानत: केवल सिद्धांतों का विषय होना चाहिए उसको नियमों का विषय नहीं बनाया जा सकता है। उनके विचार में मन और आत्मा का उत्थान लोगों की राजनीतिक प्रसार की एक आवश्यक शर्त है।

सवाल उठता है कि क्या श्री अमित शाह के बयान से बीजेपी को राजनीतिक हानि हो सकता है ? राजनीतिक विश्लेषकों , डाटा संग्रहक और राजनीतिक व्यवहार के विशेषज्ञों का मानना है कि इससे बीजेपी को राजनीतिक नुकसान के बजाय राजनीतिक फायदा मिलने की संभावना बढ़ गई है। आंबेडकर जी के प्रति श्रद्धा, काम और उपलब्धियां विचार- विमर्श का विषय हो रहा है। वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर मोदी जी के समानांतर कोई राजनीतिक व्यक्तित्व नहीं है । श्री राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता और अगंभीर व्यक्तित्व ,श्री खड़गे जी का थकान भरी राजनीतिक पारी और अन्य राजनीतिक दलों का आंतरिक अंतर्कलह आंबेडकर जी के विचारधारा और समर्थकों में सेंध लगाने में असमर्थ दिखाई दे रहा है।

-राजनीतिक विश्लेषक।

# किसानो कि बुलंद आवाज़ थे चौधरी चरण सिंह



**रमेश सर्राफ धमोरा**

**23 दिसम्बर किसान दिवस पर विशेष**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। वो कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उन का कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता।

चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर 1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव के चौधरी मीर सिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था। 1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारम्भ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोडने के समर्थन में चरण सिंह ने हिण्डन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हे 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किये गये। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई। जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है।

चौधरी चरण सिंह खुद एक छोटे से गांव में एक किसान के घर जन्मे थे। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुखः दर्द को नजदीकी से देखा जाना था। इसलिये उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे।

उन्होने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का सम्पूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह की गिनती हमेशा एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और अपने अंतिम समय तक देश के गांव में रहने वाले किसानों, गरीबों, दलितो, पीड़ितों की सेवा में ही पूरी जिंदगी गुजारी। चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे।

आज देश के किसान कर्ज में डूबे हुये हैं। उनको उनकी उपज का पूरा दाम नहीं मिल पाता है। अपनी खराब आर्थिक स्थिति के चलते देश में बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहें हैं। केन्द्र व राज्य सरकारें भी किसानो के भले की योजनायें बना पाने में नाकाम रही है। चुनाव के समय राजनीतिक पार्टियां किसानो को झांसा देकर उनके वोट बटोर लेती है। फिर किसी का ध्यान किसानो की समस्याओं के समाधान करने की तरफ नहीं जाता है। ऐसे में आज देश के किसानो को चौधरी चरणसिंह जैसे सच्चे किसान हितैषी नेता की जरूरत है। जो उनके हक में खड़ा होकर किसानो की आवाज बुलन्द कर सके व उनका वाजिब हक दिला सके। चौधरी चरण सिंह भारतीय राजनीति में एक बड़े नेता थे। मगर इंदिरा गांधी के सहयोग से कुछ समय के लिये देश के प्रधानमंत्री बन कर उन्होने देश में पहली बार कांग्रेस के खिलाफ बने एक मजबूत गठबंधन को तोड़ा था। उससे उनकी प्रतिष्ठा को भी गहरा आघात पहुंचा था।

चौधरी चरण सिंह को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके भाषण को सुनने के लिये उनकी जनसभाओं में भारी भीड़ जुटा करती थी।

किसानो में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने सिद्धांतों से उन्होने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केन्द्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया। केन्द्र में गृहमंत्री बनने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे उप प्रधानमंत्री बने। बाद में मोरारजी देसाई और चरण सिंह के मतभेद हो गये। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक चौधरी चरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस के सहयोग से भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने।

चौधरी चरण सिंह एक कुशल लेखक भी थे। उनका अंग्रेजी भाषा पर अच्छा अधिकार था। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन भी किया। 29 मई 1987 को 84 वर्ष की उम्र में जब उनका देहान्त हुआ तो देश के किसानो ने सरकार में पैरवी करने वाला अपना नेता खो दिया था। लोगों का मानना था कि चरण सिंह से राजनीतिक गलतियां हो सकती हैं लेकिन चारित्रिक रूप से उन्होंने कभी कोई गलती नहीं की। इतिहास में उनका नाम प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है। चौधरी चरण सिंह ने ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलन्द करते हुये आह्वान किया था कि भ्रष्टाचार का अन्त ही देश को आगे ले जा सकता है।

अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने 2001 में हर वर्ष 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की जो परम्परा शुरू की थी उससे जरूर उनको साल में एक दिन याद किया जाने लगा है। आज किसानो कि हालात को देखकर चौधरी चरणसिंह जैसे देश के बड़े किसान नेता की याद आना स्वाभावित ही है। मौजूदा समय में चौधरी चरणसिंह जैसा नेता होता तो किसानो को उनका वाजिब हक मिलने से कोई नहीं रोक सकता था। चौधरी चरण सिंह जैसे किसानो के बड़े नेता द्वारा किसानो के हित में किये गये कार्यो को देखते हुये वर्षो पूर्व ही उनको भारत रत्न सम्मान मिलना चाहिये था। मगर सरकारों की अनदेखी के चलते उनको वर्षों तक उचित सम्मान नहीं मिल पाया। नरेन्द्र मोदी सरकार ने चौधरी चरण सिंह जैसे सच्चे बड़े व सच्चें किसान नेता को भारत रत्न प्रदान कर सच्ची श्रृद्धांजलि अर्पित की है। इससे देश के करोड़ों किसानों के साथ ही सरकार का भी सम्मान बढ़ा है।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

## विदेश की खबरें

### गाजा में इजराइली हमलों में 22 लोगों की मौत

**दीर अल-बला (गाजा पट्टी) :** गाजा पट्टी में रविवार को इजराइली हमलों में पांच बच्चों समेत कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। फलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं, इजराइली अधिकारियों ने कैथोलिक चर्च के पादरी कार्डिनल पियरबटिस्टा पिज्जाबल्ला को गाजा में प्रवेश करने और क्षेत्र के ईसाई समुदाय के सदस्यों के साथ क्रिसमस पूर्व प्रार्थना सभा आयोजित करने की अनुमति दे दी। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा शहर में विस्थापितों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर हुए हमले में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। इजराइली सेना ने कहा कि उसने वहां शरण लिए हमास आतंकवादियों को निशाना बनाया।

### यूक्रेन ने ड्रोन से रूसी ईंधन डिपो को दूसरी बार बनाया निशाना

**कीव :** यूक्रेन ने रविवार को ड्रोन के जरिये रूस के एक प्रमुख ईंधन डिपो को निशाना बनाया। रूस के एक वरिष्ठ क्षेत्रीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। यूक्रेन द्वारा ड्रोन के जरिये रूसी ईंधन डिपो को निशाना बनाये जाने की यह घटना एक सप्ताह से कुछ अधिक समय में दूसरी बार हुई। अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन द्वारा ड्रोन हमला ईंधन और ऊर्जा आपूर्ति केंद्रों पर सीमा पार से किये जाने वाले हमलों का हिस्सा था, जिसके बारे में कीव का कहना है कि ये ठिकाने मॉस्को की सेना को आपूर्ति करते हैं। रूस ने यूक्रेन के पहले से ही क्षतिग्रस्त ऊर्जा ग्रिड पर व्यापक हमले किये थे, जिसके कुछ दिनों बाद यूक्रेन ने यह ड्रोन हमला किया। यूक्रेन के ऊर्जा ग्रिड पर हमले के कारण हजारों घरों के अंधेरे में डूबने का खतरा पैदा हो गया क्योंकि सर्दी धीरे-धीरे बढ़ रही है और रूस का अपने पड़ोसी देश पर पूर्ण आक्रमण करीब तीन वर्ष पूरे करने के करीब है।

### तुर्किये में एम्बुलेंस हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ, चार लोगों की मौत

**मुगला (तुर्की) :** दक्षिण-पूर्वी तुर्किये में रविवार सुबह एक एम्बुलेंस हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हादसे के वक्त हेलीकॉप्टर में दो पायलट, एक चिकित्सक और एक स्वास्थ्यकर्मी सवार थे। उन्होंने बताया कि ये सभी मुगला शहर से पड़ोसी प्रांत अंताल्या में एक मरीज को ले जाने के लिए उड़ान भर रहे थे। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर जिस अस्पताल से उड़ान भर रहा था उसकी इमारत से टकराकर पास के एक खेत में जा गिरा। मुगला के गवर्नर इदरीस अक्बीयीक ने बताया कि उड़ान के समय घना कोहरा था और अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं।

### कांगो में बुसिरा नदी में नौका पलटने से 38 लोगों की मौत, 100 से अधिक लापता

**किंशासा :** कांगो में क्रिसमस मनाने के लिए घर लौट रहे लोगों से भरी एक नौका के शुक्रवार देर रात बुसिरा नदी में पलट जाने से 38 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों एवं प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। नौका पलटने की यह घटना ऐसे समय में हुई है जब करीब चार दिन पहले ही देश के उत्तर-पूर्व में एक अन्य नाव के डूबने से 25 लोग मारे गए थे। नौका पलटने की हालिया घटना में अब तक 20 लोगों को बचाए जाने की पुष्टि हुई है।

## वर्ग पहेली नं. 2954



**बायें से दायें:-** 2) सभा; अधिवेशन, 4) भारत का एक घटक राज्य, 6) अंतराल; दूरी, 8) आना; बैठना, 10) चूकना; मार्गभ्रष्ट होना; भटकना, 12) ठोढ़ी के बाल, 13) बुरी आदत, 15) सेठ; पैसेवाला; धनाढ्य; 18) सालाना, 19) विशेषत:, 21) एक सुगंधि मसालेदार फल, 24) एक नदी, 28) भेदभावहीनता; सादृश्य, 29) उपयोगी; उद्देश्यपूर्ण.

**ऊपर से नीचे:-** 1) बेगुनाह, 2) जीर्णशीर्ण; शिथिलकाय, 3) पगड़ी, 4) तीव्र जहर, 5) प्रार्थना, 7) हर कोई, 9) अनुभवहीन; मूर्ख, 11) कूड़ा-करकट, 14) मोहक, 16) परिणाम, 17) कड़ा; सघन; पक्का, 19) राष्ट्रीयकृत; एक सिक्ख संप्रदाय, 20) टीला; किनारा, 22) विश्वास, 23) रिश्वत, 25) मूल्यकटौती; बाज़ीगर गोटी, 26) मच्छर; त्वचाचिन्ह, 27) धर्मस्थान.

(उत्तर: अगले अंक में)

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खु | ला | ■ | चा | ■ | ब | हा | ना | ■ | आ |
| शा | ■ | जा | य | दा | द | ■ | मा | य | ना |
| म | का | न | ■ | स्ता | न | ■ | लू | ■ | जा |
| दी | न | ■ | आ | न | ■ | स | म | झ | ना |
| ■ | पु | ला | व | ■ | औ | गा | ■ | ट | ■ |
| भो | र | ■ | भ | ड़ा | का | ■ | ना | प | ना |
| ला | ■ | ■ | ग | ■ | त | रा | व | ट | ■ |
| ना | ■ | ज | त | न | ■ | ह | ■ | ■ | पो |
| थ | प्प | ड़ | ■ | र | ज | त | ज | यं | ती |

## सुडोकू-पहेली-2914

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 1 | | | | | | |
| | | | | | | | 7 | 5 |
| | | | | | | | | 3 |
| | 5 | | 2 | 3 | | | | |
| 4 | | | | | | 9 | 6 | |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | 1 | | 6 | 8 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2913 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 8 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 1 | 9 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 3 | 4 | 8 | 2 | 7 | 1 | 6 | 9 |
| 2 | 7 | 6 | 9 | 1 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 5 | 8 | 2 | 7 | 4 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 2 | 5 |

# क्रिसमस के लिए 24 और 25 दिसंबर को कोलकाता पुलिस का ट्रैफिक के लिए नए दिशानिर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिसंबर महीने का मतलब क्रिसमस है, और इस साल क्रिसमस के लिए पूरा कोलकाता सजा हुआ है। खासतौर पर पार्क स्ट्रीट क्षेत्र में जो शहर का प्रमुख आकर्षण बन चुका है। बड़ा दिन यानी 24 और 25 दिसंबर को पार्क स्ट्रीट इलाके में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है, जिससे यातायात में परेशानी हो सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियंत्रण के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पुलिस इन दोनों दिनों में कड़ी निगरानी रखेगी, ताकि भीड़-भाड़ को व्यवस्थित किया जा सके। कोलकाता ट्रैफिक पुलिस के दिशा-निर्देश के अनुसार, 24 दिसंबर की शाम 4 बजे से लेकर 25 दिसंबर की सुबह 4 बजे तक, और फिर 25 दिसंबर शाम 4 बजे से 26 दिसंबर तक यातायात पर कड़े नियंत्रण होंगे। कुछ प्रमुख सड़कों को बंद किया जाएगा और कुछ मार्गों को मोड़ा जाएगा। मेयो रोड और जवाहरलाल रोड से आने वाली गाड़ियों का रूट किदवई स्ट्रीट से घुमाया जाएगा। फिर फ्री स्कूल स्ट्रीट, रॉयड स्ट्रीट होते हुए



रफी अहमद किदवई रोड से होते हुए पार्क स्ट्रीट तक भेजा जाएगा। जवाहरलाल नेहरू रोड की दक्षिण दिशा से जाने वाली गाड़ियों को पार्क स्ट्रीट फ्लाईओवर या मेयो रोड की दिशा में मोड़ा जाएगा। फ्री स्कूल स्ट्रीट, मार्किस स्ट्रीट और रफी अहमद किदवई रोड पर ऑटो रिक्शा को घुमाया जाएगा। हो ची मिन सरणी स्ट्रीट से शॉर्ट स्ट्रीट तक कैमक स्ट्रीट पर टू वे ट्रैफिक की अनुमति होगी। दक्षिण दिशा से आने वाली गाड़ियों की काथेड्रल रोड एक्सटेंशन के माध्यम से क्वीन्सवे जाने की अनुमति दी जा सकती है। जबकि, 25 दिसंबर के ट्रैफिक नियम में जवाहरलाल नेहरू रोड से वुड स्ट्रीट होते हुए पार्क स्ट्रीट और मिडलटन स्ट्रीट पूरी तरह से बंद रहेगा। हो ची मिन सरणी स्ट्रीट से केवल पूर्व दिशा में जाने वाली गाड़ियों को ही अनुमति होगी। रसल स्ट्रीट पर नो एंट्री रहेगा और लिटिल रसल स्ट्रीट से शेक्सपियर सॉरी क्रॉसिंग भी बंद की जाएगी। फ्री स्कूल स्ट्रीट से किड स्ट्रीट तक पश्चिम दिशा में जाने वाली गाड़ियों के रूट को बदला जाएगा। ट्रैफिक कंट्रोल रूम से मंजूरी प्राप्त नहीं होने तक शेक्सपियर सरणि, कैमक स्ट्रीट, लिटिल रासेल स्ट्रीट और लॉर्ड सिन्हा रोड पर टू वे ट्रैफिक की अनुमति नहीं होगी।

## आतंकवादी की गिरफ्तारी के बाद तृणमूल का भाजपा पर हमला, गृह मंत्री और बीएसएफ को ठहराया जिम्मेदार



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में आतंकवादियों की गिरफ्तारी के बाद सीमा पर से होने वाली घुसपैठ को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा के बीच विवाद छिड़ गया है। टीएमसी ने आरोप लगाया है कि सीमा पार से होने वाली घुसपैठ के लिए केंद्र सरकार और बीएसएफ को जिम्मेदार ठहराया है। रविवार को राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम ने कहा कि जैसा कि हमने देखा है। एक जिले से गिरफ्तार किए गए आतंकवादी मामले में केंद्रीय गृह मंत्री जिम्मेदार हैं। बीएसएफ भी जिम्मेदार है, क्योंकि सीमा पार से आतंकवाद के लिए केंद्र सरकार जवाबदेह है। अगर बीएसएफ सीमा सील कर देती है, तो कोई भी इसे पार नहीं कर पाएगा। कोलकाता के मेयर ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य पुलिस ने आतंकवादियों को पकड़ा है और राज्य में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस है। साथ ही, उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री से अंबेडकर पर टिप्पणी करने के बजाय आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के प्रशासन के तहत राज्य पुलिस ने आतंकवादियों को पकड़ा है। हमारे पास जीरो टॉलरेंस है, अगर कोई देश के खिलाफ काम करता है तो जीरो टॉलरेंस होगा। हमारे लिए देश पहले आता है।

## क्रिसमस व नव वर्ष के पहले भारी मात्रा में मादक पदार्थों के साथ दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** क्रिसमस व नव वर्ष की मस्ती का खुमार लोगों पर छा रही है। ऐसे में क्रिसमस व नव वर्ष की पार्टियों की तैयार भी महानगर में विभिन्न जगहों पर चल रही है और इस पर पुलिस की निगाह भी है। कोलकाता पुलिस के खुफिया विभाग के नारकोटिक्स शाखा के अधिकारियों ने रविवार के तड़के दक्षिण कोलकाता के पंचसायर में छापा मारा। भारी मात्रा में नशीली दवाओं के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूत्रों से जानकारी मिलने के बाद दो जगहों पर यह ऑपरेशन चलाया गया। पुलिस की विशेष टीम ने पंचसायर के नयाबाद इलाके में मोहम्मद परवेज (27) के एक लग्जरी फ्लैट पर छापा मारा। इस आदमी के दसवीं



मंजिल के फ्लैट की तलाशी लेने पर खुफिया विभाग के नारकोटिक्स विंग के अधिकारी हैरान रह गए। उस फ्लैट से 13.50 ग्राम एमडीएमए टैबलेट व 5.610 ग्राम कोकीन बरामद की गई व करीब दो किलो गांजा भी मिला। पुलिस की दूसरी टीम ने बाइपास के पास मेट्रो कैश एंड कैरी के पास भी छापा मारा। जहां प्रसेनजीत रॉय नाम के शख्स की तलाशी ली गई। बताया गया है कि उसके पास से 1.41 ग्राम एमडीएमए टैबलेट भी मिलीं। दोनों गिरफ्तारों से लालाबाजार पुलिस मुख्यालय में पूछताछ चल रही थी। आमतौर पर, क्रिसमस व नव वर्ष रेव पार्टियों में इस तरह के नशे का उपयोग होता है। उक्त उत्सवों से पूर्व महानगर कोलकाता में नशीली दवाओं और विभिन्न नशीले पदार्थों को लाया जाता है। क्योंकि कोलकाता के विभिन्न हिस्सों में रेव पार्टियां भी आयोजित की जाती हैं। इसलिए कोलकाता पुलिस पहले से ही अलर्ट है।

## मां फ्लाईओवर से फिर नीचे गिरी मोटरसाइकिल, दो युवकों की मौत

**पुलिस आयुक्त ने घटनास्थल का किया दौरा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर कोलकाता के मां फ्लाईओवर पर एक बार फिर सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि उक्त फ्लाईओवर पर सोमवार की सुबह दो मोटरसाइकिल सवारों की मौत हो गई है। दोनों मृत युवकों की पहचान दानिश आलम (18) और अनीश राणा (19) के रूप में की गई है। दोनों बउबाजार इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि बाइक अधिक गति होने के कारण नियंत्रण खो बैठी और दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। पुलिस ने बताया कि दानिश सुबह में अपने भाई की बाइक लेकर घर से निकला था। अनीश उसके साथ था। इसी दौरान मां फ्लाईओवर पर उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित



होकर पुल के नीचे जा गिरी। घटना में दोनों युवकों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही तिलजला और प्रगति मैदान थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों मोटरसाइकिल सवारों को एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बाइक चिंगड़ीघाटा से साइंस सिटी की ओर आ रही थी। परमा द्वीप के पास मां फ्लाईओवर में एक घुमाव है। बाइक वहां गार्डवाल से टकरा गई। इसके बाद, दोनों बाइक समेत पुल के नीचे गिर पड़े।

**❑ हादसे के बाद सक्रिय लालबाजार, ब्रिज पर रेलिंग बैरियर लगाने का प्रस्ताव**

मां फ्लाईओवर में हुए दर्दनाक हादसे में दो बाइक सवारों की मृत्यु के बाद लालबाजार हरकत में आ गया है। फ्लाईओवर के हर मोड़ पर, जहां गाड़ियां मुड़ती हैं, साइड में रेलिंग बैरियर लगाने के लिए संबंधित विभाग को प्रस्ताव भेजने की प्रक्रिया चल रही है। इसके साथ ही फ्लाईओवर के ऊपर दिशा-निर्देश सही तरीके से समझे जाने के लिए साइन बोर्ड लगाने का प्रस्ताव भी दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस कमिश्नर ने ट्रैफिक विभाग को निर्देश भेजे हैं। मां फ्लाईओवर पर बार-बार हो रहे हादसों पर काबू पाने के लिए पुलिस कमिश्नर बैठक करेंगे। इस हादसे के बाद, कोलकाता के पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने घटनास्थल का दौरा किया और वीडियो फुटेज की भी जांच की। उन्होंने कहा कि इस मामले में कई तकनीकी समस्याएं हैं। अगर कोई वाहन मुड़ते समय तेज गति से आता है, तो ऐसा हादसा हो सकता है। हम इस मामले को कैसे रोका जाए, इस पर हमारी टीम और परिवहन विभाग के साथ बैठक कर समाधान ढूंढेंगे। वीडियो फुटेज से यह साफ है कि इस तरह के हादसों को रोका जा सकता है, हम बैठक कर इस पर निर्णय लेंगे।

### कष्टोपुर में चोरी के संदेह में व्यक्ति की सामूहिक पिटाई, मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में बागुईआटी थानांतर्गत कष्टोपुर के हानापाड़ा इलाके में रविवार की सुबह मोबाइल चोरी के आरोप में स्थानीय लोगों ने एक व्यक्ति की सामूहिक पिटाई कर डाली। सूचना मिलने के बाद बागुईआटी थाने की पुलिस पहुंची और आरोपित को बचाकर अपने साथ थाने ले गई। खबर लिखे जाने तक आरोपित की पहचान नहीं हो पाई थी। आरोप है कि स्थानीय लोगों ने रविवार की सुबह कष्टोपुर के हानापाड़ा बाजार में एक व्यक्ति को मोबाइल फोन चोरी करते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया और उसकी सामूहिक पिटाई कर डाली। बाजार के व्यापारियों और स्थानीय लोगों का दावा है कि चोर को रंगे हाथ पकड़ा गया। कुछ लोगों ने आरोपित को कुछ थप्पड़ जड़ दिए। लेकिन उसे ज्यादा पीटा नहीं गया। पुलिस आई तो आरोपित को उनके हवाले कर दिया गया।

## 'बंद करें गैर-हिंदू बांग्लादेशियों का इलाज', कोलकाता में अस्पताल के बाहर भाजपा ने किया प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को लेकर प्रदेश भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कोलकाता में विरोध प्रदर्शन कर मांग की कि राज्य के अस्पतालों में गैर-हिंदू बांग्लादेशियों का इलाज न किया जाए। कोलकाता के मुकुंदपुर क्षेत्र में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के एक गुट ने को 'सैल्यूट तिरंगा' नाम से एक विरोध मंच की शुरुआत की। इस मंच की मांग है कि क्षेत्र का एक निजी अस्पताल, जहां बांग्लादेश समेत अन्य पड़ोसी देशों से आने वाले मरीज़ों का उपचार किया जाता है, वह यहां आने वाले गैर-हिंदू बांग्लादेशी मरीजों का इलाज करने से मना कर दें। इस संबंध में भाजपा



कार्यकर्ताओं ने अस्पताल के अधिकारियों से भी संपर्क करने की कोशिश की लेकिन वे नहीं मिले। इसके बाद, प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल में एक प्रतिनिधिमंडल भेजा, जिनका कहना था कि देश सबसे पहले आता है, हमारे भाइयों और बहनों को वहां (बांग्लादेश में) प्रताड़ित किया जा रहा है और मारा जा रहा है। इसलिए, गैर-हिंदू बांग्लादेशियों को कोई चिकित्सा उपचार प्रदान नहीं किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपने राष्ट्र, तिरंगे के सम्मान के लिए अपनी नैतिकता और व्यवसाय को एक तरफ रखें। प्रदर्शनकारियों ने आगे कहा कि उन्होंने इससे पहले भी एक अन्य निजी अस्पताल में इसी तरह का प्रतिनिधिमंडल भेजा है और वे भविष्य में गैर-हिंदू बांग्लादेशियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने वाले अन्य निजी अस्पतालों के बाहर विरोध प्रदर्शन करने की योजना बना रहे हैं।

## बांग्ला केवल भाषा नहीं बल्कि जीवन शैली : राज्यपाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्ला केवल भाषा नहीं बल्कि जीवन शैली है। कोलकाता के नेशनल लाइब्रेरी (राष्ट्रीय पुस्तकालय) सभागार में बांग्ला शास्त्रीय भाषा : इतिहास, संस्कृति और भविष्य की अपेक्षाएं विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को रविवार को संबोधित करते हुए बंगाल के राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस ने कालजयी फिल्म निर्देशक सत्यजीत राय की इस प्रसिद्ध उक्ति का उल्लेख करते हुए यह बात कही। उन्होंने कविगुरु रवींद्र नाथ टैगोर की प्रसिद्ध कविता बांग्लार माटी, बांग्लार जल, बांग्लार वायु, बांग्लार फल.. का उल्लेख करते हुए बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को देश की धरोहर बताया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डा सुकांत मजुमदार ने भी इस तरह के कार्यक्रमों की



आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बांग्ला को केंद्र सरकार से शास्त्रीय भाषा की मान्यता मिलना पूरे बंगाल के लिए गौरव का विषय है। इसके लिए पूरे बंगाल में लोगों को समारोह आयोजित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के उदघाटन भाषण में राष्ट्रीय पुस्तकालय के महानिदेशक प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह ने कहा कि बांग्ला केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि यह एक पहचान, दर्शन और सांस्कृतिक विरासत भी है। हमें इस भाषा के विरासत को संरक्षित करने तथा संवर्धन करने की जरुरत है।

**सीपीएम के अंदर गहमा-गहमी**

## दक्षिण 24 परगना जिला समिति से 18 सदस्यों का इस्तीफा

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के सीपीएम पार्टी में इन दिनों जबरदस्त अंदरूनी संघर्ष चल रहा है। जिला समिति से एक समय के दिग्गज नेता खोकन घोष दस्तिदार को बाहर कर दिया गया है। इसके अलावा, और भी तीन सदस्य बाहर किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, इन सदस्यों में अनिर्वाण भट्टाचार्य, राशिद गाजी और अपूर्व प्रमाणिक शामिल हैं। लेकिन मामला यहीं नहीं रुका। इस निर्णय के खिलाफ विरोध दर्ज कराते हुए, समिति के अन्य सदस्य भी सख्त हो गए हैं। खबर सामने आते ही 18 और नेताओं ने इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वालों में राहुल घोष, चंदना घोष दस्तिदार जैसे प्रमुख चेहरे शामिल हैं। इसके साथ ही सुजन के करीबी नेताओं को भी बाहर किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। पद्म दासगुप्ता ने भी इस्तीफा दे दिया। एसएफआई से जुड़े वर्तमान बामपंथी नेता प्रतीकूर रहमान ने भी सम्मेलन प्रक्रिया से खुद को अलग कर लिया है। गौरतलब है कि प्रतीकूर को सीपीएम ने पिछले लोकसभा चुनाव में डायमंड हार्बर से अभिषेक बनर्जी के खिलाफ उतारा था, लेकिन अब उनके सम्मेलन से दूरी बनाने के बाद इस फैसले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस गहमा-गहमी के बीच, सुजन चक्रवर्ती की पत्नी मिलि चक्रवर्ती ने भी इस्तीफा दे दिया है। इस घटनाक्रम को लेकर बंगाल के वामपंथी दलों में हलचल मची हुई है।

## आरजीकर पीड़िता के न्याय की मांग पर डॉक्टरों का धरना दूसरे दिन भी रहा जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के धर्मतल्ला इलाके में डोरिना क्रासिंग के पास डॉक्टरों का धरना रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। मालूम हो कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने डॉक्टरों को वहां 26 दिसंबर तक धरने पर बैठने की सशर्त अनुमति दी है। आरजी कर अस्पताल में महिला डाक्टर से दुष्कर्म व हत्या की घटना की जांच के 90 दिनों बाद भी चार्जशीट पेश करने में सीबीआइ की विफलता व इसके फलस्वरूप दो अहम आरोपितों अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष व टाला थाने के तत्कालीन थानेदार अभिजीत मंडल को जमानत मिलने के खिलाफ सीनियर डॉक्टरों के संगठन ज्वाइंट प्लेटफार्म आफ डाक्टर्स ने धरने पर बैठने की घोषणा की थी। धरने की



वजह से ट्रैफिक जाम की समस्या होने का हवाला देकर पुलिस ने इसकी अनुमति नहीं दी थी, जिसके बाद डॉक्टरों ने हाई कोर्ट का रूख किया था। न्यायाधीश तीर्थंकर घोष की एकल पीठ ने कुछ शर्तों पर 20 से 26 दिसंबर तक धरने की अनुमति दी थी। एकल पीठ ने अपने फैसले में कहा था कि डोरिना क्रासिंग से कम से कम 50 फुट की दूरी पर धरने पर बैठा जा सकेगा। धरनास्थल पर एक साथ 200-250 से अधिक लोग जमा नहीं हो सकेंगे। धरना मंच से किसी भी तरह का आपत्तिजनक बयान नहीं दिया जा सकेगा। 40 फुट लंबा और न्यूनतम 23 फुट चौड़ा धरना मंच तैयार करना होगा। इसके बाद शुक्रवार को धरना मंच तैयार किया गया और शनिवार से डाक्टर धरने पर बैठ गए थे। धरने में विभिन्न नागरिक संगठनों के सदस्य भी शामिल हुए हैं। डॉक्टरों ने आम लोगों से भी धरने में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अभी उत्सव का मौसम चल रहा है। सामने क्रिसमस है लेकिन आरजी कर कांड को भूलने से नहीं चलेगा।

## सेना की त्वरित कार्रवाई ने कोलकाता में लगी आग को फैलने से रोका : रक्षा मंत्रालय

**कोलकाता, समाज्ञा :** रक्षा मंत्रालय ने कोलकाता में शनिवार को एक झुग्गी बस्ती में लगी भीषण आग पर काबू पाने में सेना की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है। मंत्रालय ने रविवार को कहा कि अगर सेना के जवानों ने तुरंत कार्रवाई नहीं की होती तो आग भयावह हो सकती थी। न्यू अलीपुर इलाके में आग दुर्गापुर ब्रिज के नीचे लगी थी, जो बीपी पोद्दार अस्पताल और सियालदह- बीबीडी सेक्शन की रेलवे पटरियों से सटा हुआ है। आग की चपेट में लगभग 40-50 झोपडिय़ां जलकर खाक हो गईं। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। कोलकाता में रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, असाधारण वीरता और कार्यकुशलता का परिचय देते हुए गढ़वाल राइफल्स की 121 इन्फैंट्री बटालियन (प्रादेशिक सेना) के कर्मियों ने शनिवार को न्यू अलीपुर में एक बड़ी आपदा को सफलतापूर्वक टाल दिया। आग ने क्षेत्र में लोगों की जान और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के लिए एक बड़ा खतरा पैदा कर दिया था। संकट का सामना करते हुए बटालियन ने तुरंत अग्निशमन उपकरणों, एक एंबुलेंस और तीन वाटर बाजर से लैस अपनी त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) को तैनात किया। उनकी त्वरित लामबंदी ने आग को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण और भी भड़क गई थी। उनके अनुसार, यूनिट ने राज्य अग्निशमन सेवाओं और स्थानीय अधिकारियों के कर्मियों के साथ मिलकर अथक परिश्रम किया, जिससे एक समन्वित प्रयास सुनिश्चित हुआ जिससे नुकसान कम से कम हुआ और आग को अस्पताल सहित आस-पास के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में फैलने से रोका जा सका।

## मंदारमणि के होटल में तृणमूल नेता की मौत मामले में प्रेमिका और पड़ोसी युवक गिरफ्तार

**पूर्व मेदिनीपुर :** उत्तर 24 परगना जिले के आमडांगा क्षेत्र के तृणमूल नेता की होटल में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक का नाम अबुल नसर है। मृतक का शव होटल के कमरे में पंखे से लटकता हुआ मिला। पुलिस ने इस मामले में मृतक की प्रेमिका तनुश्री मुखोपाध्याय और पड़ोसी युवक अताउर मंडल को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने आरोपियों को 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस के अनुसार, अबुल नसर का घर आमडंगा के आधहाटा पंचायत के कच्छारिया गांव में था। उसकी पत्नी सुमैया परवीन आधहाटा पंचायत की उपप्रधान हैं। अबुल पिछले गुरुवार को मंदारमणि आया था, साथ में उसकी प्रेमिका तनुश्री, पड़ोसी युवक



अताउर और एक अन्य महिला भी थी। शुक्रवार को अबुल को तबीयत बिगड़ने पर घर भेज दिया गया। शनिवार की सुबह, जब तनुश्री बाथरूम से बाहर आई, तो उसने अबुल को होटल के कमरे में पंखे से लटका हुआ पाया और तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए तामलुक अस्पताल भेज दिया। जांच में पता चला है कि तनुश्री और अबुल के बीच पिछले छह वर्षों से प्रेम संबंध थे। इस संबंध को लेकर अबुल की पत्नी से मतभेद चल रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और पूछताछ के बाद उन्हें रिमांड पर भेजा।

## 72 घंटे बाद मिला नदी में गिरकर लापता हुए पर्यटक का शव



**कोलकाता, समाज्ञा :** मतला नदी में गिरे लापता पर्यटक प्रीतम पनुआ का शव लगभग 72 घंटे बाद आखिरकार बरामद कर लिया गया। प्रीतम पनुआ का शव रविवार की सुबह करीब 6.30 बजे गोपालगंज में नबीपुकुर नदी के किनारे मिला। बता दें कि सुंदरवन में पिकनिक मनाने आए पर्यटक प्रीतम पनुआ पिछले गत गुरुवार की शाम करीब 4.30 बजे कुलतली ब्लॉक के कैखाली घाट के पास मतला नदी में नाव से गिर गए थे। दक्षिण 24 परगना कुलपी थाना अंतर्गत निश्चिंतपुर से 11 लोगों का एक समूह गुरुवार की सुबह पिकनिक मनाने सुंदरवन गया था। दोपहर में कैखाली घाट के पास प्रीतम नाव से गिर गए थे। प्रीतम पेशे से कोलकाता पुलिस के सिविक वालंटियर थे और ट्रैफिक गार्ड में कार्यरत थे। हादसे के बाद कुलतली थाने की पुलिस और सिविल डिफेंस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। आखिरकार, 72 घंटे बाद लापता प्रीतम का शव घटनास्थल से तकरीबन तीन चार किमी दूर बरामद किया गया। कुलतली थाने की पुलिस द्वारा प्रीतम के परिवार को सूचित कर दिया गया है।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# बंगाल की संस्कृति परंपरा से अनभिज्ञ भाजपा : कल्याण बनर्जी

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर नगरपालिका के तत्वावधान में श्रीरामपुर नगरपालिका के 11 नंबर वार्ड में वार्ड कमेटी की तरफ से वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा ने किया। मौके पर विधायक अरिंदम गुइन, विधायक डॉक्टर सुदीप्त राय, सीआईसी संतोष सिंह, गौर मोहन दे,सुबीर मुख़र्जी, पार्षद अकबर अली समेत तमाम पार्षद व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर पहुंचे श्रीरामपुर के सांसद कल्याण बनर्जी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कल्याण बनर्जी ने विरोधी दलों पर मेला और खेला को लेकर किये गए तंज का जबाब देते हुए कहा कि विरोधी दल के लोग बंगाल की संस्कृति परंपरा के विषय में नहीं जानते। मेला से सभी धर्म जाति का मिलन होता है और रोजगार का सृजन होता है। आगे उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बंगाल में बीजेपी में जो लोग है वह चोर उच्चके है। कुछ बाहरी है जो बंगाल के खेला मेला संस्कृति परंपरा के सम्बन्ध में अज्ञात है। उनके पास शिक्षा का अभाव है। बंगाल से खेल के जरिये निकलने वाली प्रतिभा का देश भर में डंका बजता है। यहाँ फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, टू कित कित, हॉकी बैडमिंटन, कबड्डी समेत विभिन्न तरह के खेल सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेले का आयोजन होता है। बंगाल से ही मार्ग प्रशस्त होता है। यह बंगाल की परंपरा है। श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा ने कहा कि 2005 से वह 11 नंबर वार्ड से लगातार जनप्रतिनिधि के तौर पर निर्वाचित होते आये हैं तबसे वह खेल प्रतियोगिता का आयोजन करते आ रहे हैं। खेल से बच्चों का स्वास्थ्य और प्रतिभा का गहरा सम्बन्ध है। खेल से बच्चों को नयी ऊर्जा मिलती है। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। ममता बनर्जी की अनुप्रेरणा से बच्चों के लिए हरेक वर्ष खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है।



## संविधान निर्माता का अपमान, तुरंत इस्तीफा दे शाह : कल्याण बनर्जी

**हुगली, समाज्ञा :** अमित शाह द्वारा संसद में संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रति आपत्तिजनक बयान दिए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्रीरामपुर के सांसद कल्याण बनर्जी ने उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि न केवल अमित शाह, बल्कि भाजपा के नेता पंडित नेहरू सहित कई अन्य देश के महान नेताओं का लगातार अपमान कर रहे हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। रविवार को महेश जगन्नाथ मंदिर में आयोजित विश्व शांति यज्ञ के अवसर पर सांसद बनर्जी ने कहा कि तीन बार सत्ता में आने के बाद भाजपा नेता अहंकार में डूब गए हैं। उन्होंने भाजपा पर राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने का भी आरोप लगाया और लोगों से इसके खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने की अपील की। राज्य में बढ़ते घुसपैठ के मुद्दे पर भाजपा द्वारा राज्य सरकार पर आरोप लगाने पर सांसद बनर्जी ने केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने सवाल किया कि सीमा की सुरक्षा का जिम्मा किसका है? असल में, राज्य के भाजपा नेता नाकारा, चोर और धोखेबाज हैं। संपूर्ण विश्व में बढ़ती हिंसा और वैमनस्यता के बीच मानवता को शांति का संदेश देने के उद्देश्य से महेश जगन्नाथ मंदिर में रविवार को विश्व शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। सुबह मंगल आरती के बाद भगवान जगन्नाथ ने स्वर्ण मुकुट धारण कर भक्तों को दर्शन दिए। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए संतों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञ में विश्व शांति के लिए आहुति दी गई। इस अवसर पर सांसद कल्याण बनर्जी, श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरीधारी साहा, सीआईसी संतोष कुमार सिंह, तीयशा मुखर्जी सहित कई विशिष्ट व्यक्ति उपस्थित रहे।



### तमलुक में तालाब से बच्ची का शव मिलने फैला सनसनी

**पूर्व मेदिनीपुर :** तमलुक में रविवार को एक छोटी बच्ची का शव मिलने से हड़कंप मच गया। यह घटना तमलुक थाना क्षेत्र के चाप बसान गांव में हुई। दिन था और छुट्टी का समय था, ऐसे में स्थानीय लोग अपने-अपने कामों में व्यस्त थे। तभी अचानक हड़कंप मच गया। जब लोग पास गए तो वे हैरान रह गए। तालाब के पानी में एक छोटी बच्ची का शव कैसे पहुंचा? पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। यह घटना तामलुक थाना क्षेत्र के चाप बसान गांव में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। तामलुक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल में भेज दिया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, लेकिन अभी तक मौत के कारण का पता नहीं चल सका है।

## सत्कर्म ज्ञान यज्ञ समिति के श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ



**कोलकाता, समाज्ञा :** सत्कर्म ज्ञान यज्ञ समिति के तत्वावधान में रामकृष्ण मंच में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का रविवार को शुभारंभ हुआ। इस दिन, सुबह में संस्था के सदस्यों द्वारा भव्य कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। फिर, दोपहर में पूजा-अर्चना की गई। कथा का वाचन रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य के चरणाश्रित तारकेश्वर भाई द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के मुख्य संरक्षक भागवत दास जायसवाल, संरक्षक रामचंद्र जायसवाल, अध्यक्ष रामचंद्र गनेरीवाल, संयोजक बबीता जायसवाल व उमेशस जायसवाल, सचिव अखिलेश जायसवाल, संयुक्त सचिव ममता सिंह, सह सचिव अलका जायसवाल, मुख्य यजमान दिनेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष संजय जायसवाल व जयप्रकाश जायसवाल समेत कई सहयोगी संस्थाओं के सदस्य उपस्थित रहे।

## संत निरंकारी चैरिटेबल डिस्पेंसरी में रक्तदान शिविर आयोजित, 104 भक्तों ने किया रक्तदान




**कोलकाता, समाज्ञा :** सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज तथा निरंकारी राजपिता रमित जी के आशीर्वाद से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में टीटागढ़ स्थित संत निरंकारी चैरिटेबल डिस्पेंसरी में आयोजित रक्तदान शिविर में 104 निरंकारी भक्तों ने रक्तदान किया। इनमें महिला रक्तदाताओं की संख्या 33 थी। संग्रहित रक्त सरकारी अस्पतालों से आये रक्तसंग्रह टीम को नि:शुल्क सुपुर्द की गई। इस शिविर का उद्घाटन कमलेश साव, अध्यक्ष, टीटागढ़ नगर पालिका तथा उत्तम दास, बैरकपुर नगर पालिका ने किया। उन्होंने रक्तदान जैसे परोपकार कार्य की प्रशंसा करते हुए मिशन द्वारा निष्पादित आध्यात्मिक जागरूकता के अतिरिक्त समाज कल्याण की अन्य गतिविधियों में सकारात्मक योगदान की सराहना की और सद्गुरु माता सुदीक्षा जी के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर उप-स्थित समाजसेवी उमेश वर्मा ने रक्तदान को महान और पवित्र दान बताया। मौके पर उपस्थित जोनल इंचार्ज, मोहन प्रसाद साव ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मानव जीवन को बचाने के लिए की जाने वाली एक ऐसी सर्वोपरि सेवा है। जिसमें पर-ोपकार की नि:स्वार्थ भावना निहित है । यह भावना निरंकारी भक्तों की भक्ति का ही एक अंग है। उन्होंने यह जानकारी दी कि मिशन द्वारा रक्तदान शिविर की शुरुआत वर्ष 1986 में निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने रक्तदान कर इस संदेश के साथ किया था कि रक्त नालियों में नहीं अपितु नाड़ियों में बहे। तब से अब तक मिशन द्वारा 8446 शिविर लगाए गए हैं। जिनमें 1375664 युनिट रक्त श्रद्धालुओं द्वारा दिए जा चुके हैं। उक्त अवसर पर जोन 45 अंतर्गत सेक्टर-8 के सेक्टर इंचार्ज सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ने शिविर में उपस्थित गणमान्य अतिथियों सहित रक्तदाताओं, डाक्टरों तथा उनकी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया। शिविर को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं तथा सेवादल के जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त शिविर में रक्तदाताओं के लिए अल्पाहार की भी व्यवस्था थी।

## यूनिसेफ ने बंगाल सरकार के साथ मिलकर डायबिटीज से पीड़ित बच्चों के लिए किया काम

**कोलकाता, समाज्ञा :** यूनिसेफ ने पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के साथ मिलकर डायबिटीज से पीड़ित बच्चों के उपचार और देखभाल को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए काम किया है। पश्चिम बंगाल में यूनिसेफ के प्रमुख डॉ. मोनजुर हुसैन के अनुसार, संयुक्त पहल का उद्देश्य सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों और प्रावधानों को मजबूत करके बच्चों में नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज की रोकथाम और नियंत्रण के लिए एक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल मॉडल को विकसित करना है। इस मामले में विस्तार से बताते हुए यूनिसेफ की स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. वंदना भाटिया ने कहा कि पहले कदम के रूप में यूनिसेफ चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों, एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों जैसे स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को जुवेनाइल डायबिटीज और अन्य बचपन की गैर-संचारी बीमारियों के बारे में प्रशिक्षण देगा। भाटिया ने कहा, इससे नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज में अधिक बच्चों की पहचान और रेफरल में भी मदद मिलेगी। पता चला है कि वर्तमान में पश्चिम बंगाल के पांच जिलों हावड़ा, हुगली, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना और पूर्वी बर्दवान के साथ-साथ कोलकाता में राज्य द्वारा संचालित एसएसकेएम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में टाइप 1 डायबिटीज के इलाज के लिए गैर-संचारी रोग क्लीनिक हैं। इन जगहों पर हर साल करीब 600 बच्चों का इलाज किया जा रहा है।

## कोलकाता में धूमधाम के साथ श्री महासती सावित्री कोटड़ीवाली का जन्मोत्सव मनाया गया



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री महासती सावित्री कोटड़ीवाली का जन्मोत्सव पौष बदी पंचमी, 20 दिसंबर को श्री मैढ़ क्षत्रिय सभा (स्वर्णकार भवन), कोलकाता में धूमधाम के साथ श्री महासती सावित्री भक्त वृंद द्वारा मनाया गया। स्वर्णकार समाज के सभी भक्तों ने एवं बड़ी संख्या में महिलाओं ने भजनों एवं कीर्तन के साथ जन्मोत्सव मनाकर सायंकाल में आरती के साथ इस उत्सव को सफलपूर्वक संपन्न किया। इस उत्सव को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका रही मीनाक्षी भामा, बबीता बराडिया, मंजू कुल्थिया, ज्योति कड़ेल, सरोज सोनालिया, मीता मौसुण, सुनिता सुनालिया, आशा सुगंध, रंजना सुनालिया, हेमा कड़ेल, संगीता आसट, वंदना भामा, रुक्मणी सुनालिया, संधा जमुवाल की। कार्यक्रम में प्रिती-दीपक वर्मा, दया शर्मा, हेमंत सोनी एवं अन्य कलाकारों ने भजनों से मां को रिझाया। इस उत्सव को यादगार बनाने में भक्त वृंद ने धन्यवाद के साथ सभी को आभार व्यक्त किया।



डॉ. माता शंकर पांडेय को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी एंड एस्ट्रोलॉजी की डिग्री प्राप्त हुई

### बांकुड़ा में छत से गिरकर सातवीं कक्षा की छात्रा की मौत

**बांकुड़ा :** बांकुड़ा में छत पर कपड़े सुखाने गई एक छात्रा का नीचे गिरने से उसकी मौत हो गई। यह घटना बांकुड़ा शहर के प्रतापबागान इलाके के एक बहुमंजिला इमारत में घटी। पुलिस ने मृतका की पहचान आदृजा दास के रूप में की है। वह सातवीं कक्षा की छात्रा थी, और उसकी इस दुखद मौत ने इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शनिवार को आदृजा दास अपने परिवार के कपड़े सुखाने के लिए छत पर गई थी। शाम को कपड़े उठाते समय उसने देखा कि एक कपड़ा हवा में उड़कर छत के कार्निस के नीचे लटक रहा था। उस कपड़े को उठाने के प्रयास में अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गई। कुछ समय बाद, उसे गंभीर हालत में पाया गया। उसे बांकुरा के एक निजी नर्सिंग होम और फिर बांकुरा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## नागरिक स्वास्थ्य संघ ने 131 नागरिकों को नेत्र ज्योति प्रदान की



**कोलकाता, समाज्ञा :** नागरिक स्वास्थ्य संघ ने श्री माथुरवैश्य जनहित परिषद के सहयोग से संघ नेत्रालय में सेवा शिविर में 131 नागरिकों की आंख में मोतियाबिन्द का निःशुल्क ऑपरेशन किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. ए के सिंह, श्री माथुरवैश्य जनहित परिषद के अध्यक्ष सतीश (सीताराम) गुप्ता, सचिव राजीव कौशल, संयोजक अजय गुप्ता एवं अतिथियों का स्वागत नागरिक स्वास्थ्य संघ के सचिव विकास चन्द चांडक, आलोक दमानी, गोवर्धन मूंधड़ा, बल्लभ पचीसिया, राजकुमार कोठारी एवं कार्यकर्ताओं ने किया। अतिथियों ने संघ के अध्यक्ष कुंज बिहारी अग्रवाल के मार्गदर्शन में संस्था की प्रगति के लिये शुभकामना देते हुए नेत्र चिकित्सा एवं सेवा कार्यों की सराहना की। अनूप गुप्ता ने कहा कि संस्था ने दिसम्बर माह में नेत्र परीक्षण शिविर में सैकड़ों नागरिकों को चश्में प्रदान किया। चयन किए गए रोगियों के नेत्र में मोतियाबिंद का संघ नेत्रालय में ऑपरेशन डॉक्टरों की टीम द्वारा किया गया। डॉ. ए के सिंह, सतीश गुप्ता, राजीव कौशल, अनूप गुप्ता ने संघ नेत्रालय में डॉक्टरों की टीम, मेडिकल स्टाफ, चिकित्सा सुविधा की सराहना की। गोवर्धन मूंधड़ा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## भक्त रक्षा और राक्षस उद्धार के लिए होता है भगवान का अवतार : स्वामी गिरिशानंद महाराज

**कोलकाता, समाज्ञा :** भगवान का अवतार भक्त, ब्राह्मण, संत, गाय व पृथ्वी की रक्षा करने और राक्षसों का उद्धार करने के लिए होता है। भक्तों पर कृपा करने लिए निर्गुण ब्रह्म सगुण ब्रह्म के रूप में अवतार लेता है। एक दिन पार्वती ने भगवान शंकर से जिज्ञासा प्रकट की, भगवान का क्यों अवतार होता है-भगवान शंकर ने समझाते हुए कहा कि पूर्ण रूप से कोई नहीं कह सकता है कि भगवान का इसी कारण अवतार होता है। भगवान के अवतार के कई कारण होते हैं। उनमें मुख्य बढ़ते अधर्म को नष्ट कर धर्म की पुर्नस्थापना होता है। भगवान शंकर बोले-देवी! तुम्हारे गुरुदेव नारद जी ने भगवान विष्णु को एक बार श्राप दे दिया था, उसके कारण भी भगवान राम को अवतार लेना पड़ा। पार्वती चौंकी, हो न हो भगवान विष्णु ने कुछ गलत किया होगा। यह होती है गुरु निष्ठा। पार्वती गुरु को नहीं, भगवान को दोषी मान बैठी। आगे चलकर विश्वमोहनी से भगवान ने स्वयं विवाह कर लिया। इससे नारद ने क्रोध में आकर उन्हें श्राप दिया- जाओ राजकुमार बन जाओ। तुझ पर समस्या आएगी तो वानर सहयोग करेंगे। इसका आशय यह है कि जिसके हृदय में भगवान के लिए रिक्त स्थान रहता है, उसी के हृदय में भगवान का प्राकट्य होता है। ये बातें महाराज अग्रसेन धाम के तत्वावधान में श्रीराम कथा पर प्रवचन करते स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज ने डिविनिटी पवेलियन (श्रीराम, लेकटाउन) सभागार में कही। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को संतुलित जीवन जीना चाहिए। जो जरूरत से ज्यादा व्यस्त है, समझ लीजिए उसकी पूंछ में आग लगी है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एक घंटा कसरत, प्राणायाम और मन को स्वस्थ रखने के लिए पूजा-पाठ, ध्यान, हरि स्मरण करना चाहिए।

कथा के मुख्य यजमान ओम-



सुमन जालान व दैनिक यजमान विनोद अग्रवाल, राम जन्मोत्सव के यजमान महावीर सांवरिया ने व्यासपीठ का सपरिवार पूजन किया। नंदलाल रूंगटा, राधेश्याम गोयनका, भगवानदास अग्रवाल, विधायक विवेक गुप्ता, रूचिका गुप्ता, पार्षद मीना पुरोहित, सत्यनारायण देवरालिया, दीपक अग्रवाल, गिरध-ारीलाल गोयनका, विष्णु फोगला, सज्जन गोयनका, संतोष सराफ, पवन कुमार अग्रवाल, सुशील मित्तल, गिरिधारी लाल गोयनका, राजीव कानोड़िया, हरिकिशन राठी, हेमचंद गोयनका, पवन केडिया, निर्मल केडिया, निरंजनलाल सरावगी, विजय गाड़ोदिया, नवीन टिकमानी, नरेश अग्रवाल, सुशील हीरावत, अमित केडिया, रमानंद रस्तोगी, विजय डोकानिया, जगदीश प्रसाद जाजू, विद्यासागर मंत्री, पवन अग्रवाल सहित कई विशिष्ट लोगों ने आरती-पूजन किया। संस्था के मंत्री निर्मल सराफ, सहकोषाध्यक्ष अनिक केडिया, सहसचिव अशोक चूड़ीवाला, निरंजन कुमार अग्रवाल, गोपाल नरेड़ी, कैलाश कयाल, विवेक दीवान, विक्की सिकरिया, अशोक अग्रवाल (35 एमएम), लक्ष्मण अग्रवाल आदि सक्रिय थे। कथा के दौरान राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार प्रकाश चंडालिया ने किया।

**❑श्री महालक्ष्मी मंगलपाठ का भव्य आयोजन**

महाराजा अग्रसेन धाम महिला समिति की ओर से मां महालक्ष्मी मंगल पाठ का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य यजमान आनन्द-ज्योति केजरीवाल थे। पाठ का संगीतमय वाचन नवीन जोशी ने किया। आयोजन की सफलता के लिए सुमन जालान, सरिता सराफ, बीना चूड़ीवाल, निर्मला अग्रवाल, ममता केडिया, स्वाति अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, उषा नरेड़ी, नीलू सुल्तानिया, सरिता अड़ूकिया, बबीता दीवान, चित्रा कानोड़िया, सुधा सोंथलिया, मंजु माधोगढ़िया, सुलेखा बगड़िया, प्रेम कयाल, अंजना अग्रवाल, उमा फोगला, कुसुम गाड़ोदिया, चित्रा कानोड़िया, सरोज सांवरिया, ज्योति केजरीवाल, अंजना अग्रवाल, आशा अग्रवाल सक्रिय थीं।

## चिरेका को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिला भारतीय रेल की 'बेस्ट प्रोडक्शन यूनिट शील्ड 2024'

**चित्तरंजन, समाज्ञा :** चितरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) को शानदार उत्पादन प्रदर्शन के लिए भारतीय रेल की 'बेस्ट प्रोडक्शन यूनिट शील्ड 2024' प्रदान किया गया है। 21 दिसंबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित 69वें रेलवे सप्ताह केंद्रीय समारोह 2024-अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2024 के तहत यह शील्ड चिरेका को और भारतीय रेल की अन्य उत्पादन इकाई आरसीएफ को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के कर कमलों से महाप्रबंधक विजय कुमार ने यह शील्ड प्राप्त किया। इस मौके पर प्रमुख मुख्य बिजली इंजिनीयर एस.के. वर्मा उपस्थित रहे। चिरेका कर्मियों के निरंतर परिश्रम व सफल प्रयास के लिए चिरेका को यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। चिरेका को 'बेस्ट प्रोडक्शन यूनिट शील्ड 2024' प्राप्त होने पर महाप्रबंधक विजय कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चिरेका परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। इसके अलावा, चिरेका कर्मी अनूप कुमार महतो, वरीय अनुभाग इंजीनियर, डिजाइन/ड्राइंग को 69वें रेलवे सप्ताह केंद्रीय समारोह 2024-अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया।



## न्यूज अपडेट

### यात्रियों के लिए मालदा टाउन और दीघा के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन, 3500 बर्थ होंगी उत्पन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह टाउन और दीघा के बीच एक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए मालदह टाउन-दीघा-मालदह टाउन विशेष ट्रेन चलाने से अतिरिक्त 3500 बर्थ उत्पन्न होंगी। इस सीजन के दौरान यात्रा की बढ़ती मांग के कारण अक्सर ट्रेन टिकट सुरक्षित करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसके तहत, 03465 मालदह टाउन-दीघा स्पेशल मालदह टाउन से 28 दिसंबर और 25 जनवरी के बीच प्रत्येक शनिवार को मालदह से 13:10 बजे चलेगी और 02:00 बजे अगले दिन दीघा पहुंचेगी। 29 दिसंबर और 26 जनवरी के बीच प्रत्येक रविवार को 03466 दीघा-मालदह टाउन स्पेशल दीघा से 05:00 बजे चलेगी और 18:30 बजे मालदह टाउन पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में रामपुरहाट, सैंथिया, अंडाल, आसनस-ोल, आद्रा, बांकुड़ा, बिष्णुपुर, मेदिनीपुर, खड़गपुर, पांसकुरा, तामलुक और कांथी स्टेशनों पर रुकेगी।

### हावड़ा और सियालदह डिवीजन में ऑपरेशन उपलब्ध के तहत दलालों की गिरफ्तारी, भारी मात्रा में टिकट बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने रेलवे टिकटों की अवैध खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने के लिए ऑपरेशन उपलब्ध के तहत सफल अभियान चलाए। इन अभियानों के तहत, 19 दिसंबर को, मुर्शिदाबाद के सालर पूर्व शेखपाड़ा निवासी को सालर रेलवे स्टेशन के पीआरएस काउंटर से गिरफ्तार किया गया। उनके पास 2,335 रुपये की दो जीवित टिकटें बरामद हुई। मुर्शिदाबाद के छातिना कांदी पीर्तला निवासी को कंडी रेलवे स्टेशन के पीआरएस काउंटर से गिरफ्तार किया। उसके पास से 810 रुपये की दो जीवित टिकटें जब्त की गई। 19 दिसंबर को मुर्शिदाबाद निवासी को सागरदिघी में उनकी दुकान से गिरफ्तार किया। उसके पास से 6,683.55 रुपये की दो जीवित यात्रा ई-टिकटें बरामद हुई। इसके अलावा, मुर्शिदाबाद के एक और निवासी को जलांगी में उनकी दुकान से गिरफ्तार किया। उसके पास से 4,173.60 रुपये की एक यात्रा ई-टिकट और 9,705.70 रुपये की नौ पूर्व यात्रा ई-टिकटें बरामद हुई। पूर्व रेलवे अपने वास्तविक यात्रियों को टिकट उपलब्ध कराने में रुकावट डालने वाली अवैध दलाली गतिविधियों को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### अमेजन के फेस्टिव स्टोर के साथ मनाएं क्रिसमस की खुशियां

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस क्रिसमस, अपने प्रियजनों के लिए परफेक्ट गिफ्ट खोजें अमेजन के खास क्रिसमस स्टोर के साथ, जो आपकी छुट्टियों की सभी जरूरतों के लिए एकमात्र समाधान है। यह स्टोर 18 दिसंबर से 25 दिसंबर तक लाइव ग्राहक क्रिसमस की सजावट, उपहार, फैशन, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, रोजमर्रा की जरूरतों और इलेक्ट्रॉनिक्स सहित विभिन्न श्रेणियों पर 25% से 70% तक की भारी छूट का लाभ उठा सकते हैं। अमेजन का यह फेस्टिव स्टोर आपकी छुट्टियों को खास और यादगार बनाने के लिए तैयार है। इसके अलावा, ग्राहक सैमसंग, वनप्लस, ड्यूरासेल, फॉसिल, गीवा, अमेजन एलेक्सा, फॉरेस्ट एसेंशियल्स, मिल्टन, लावी, शुगर, श्याओमी, एलन सॉली, फॉरएवर 21 और अन्य लोकप्रिय ब्रांड्स की गिफ्टिंग प्रोडक्ट्स पर विशेष डील्स और ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। प्राइम मेंबर्स को मिलेगा अमेजन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करने पर सभी खरीदारी पर अनलिमिटेड 5% कैशबैक, जबकि नॉन-प्राइम मेंबर्स को 3% कैशबैक मिलेगा। प्राइम मेंबर्स को प्राइम डे सहित विशेष शॉपिंग इवेंट्स का जल्दी एक्सेस भी मिलेगा।

### टाटा एआईए ने मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स फंड किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने टाटा एआईए मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स फंड पेश किया है। यह नया फंड ऑफर निफ्टी 500 मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स के अनुरूप स्टॉक के पोर्टफोलियो में निवेश कर दीर्घकालिक स्तर पर पूंजी वृद्धि दर्ज करने के लिए तैयार किया गया है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) विंडो 24 दिसंबर 2024 को खुलेगा और 31 दिसंबर 2024 को बंद होगा। टाटा एआईए के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य निवेश अधिकारी (सीआईओ), हर्षद पाटिल ने इस फंड के लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा, भारत की अर्थव्यवस्था अपने विकास पथ पर अग्रसर है, ऐसे में इक्विटी बाजार धन सृजन के लिए आकर्षक अवसर प्रस्तुत कर रहे हैं। हालांकि, बाजार की अस्थिरता और उच्च मूल्यांकन (वैल्यूएशन) को नियंत्रित करने के लिए एक अनुशासित और रणनीतिक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। टाटा एआईए मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स फंड एक सोच-समझकर तैयार पेशकश है जो मोमेंटम-संचालित स्टॉक चयन के लाभ को गुणवत्ता और विविधीकृत निवेश के आश्वासन के साथ जोड़ता है।

# रमेश मदुलिया हत्याकांड में मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी समेत छह गिरफ्तार

## पुलिस ने 48 घंटे में सुलझाया मामला, आरोपियों ने हत्या की बात कबूल की

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के चुंचुड़ा में रमेश मदुलिया हत्याकांड में चुंचुड़ा पुलिस ने मृतक के पत्नी के प्रेमी विकास मोईली (22) व परीक्षित सोम उर्फ बापी (27), अभिषेक राजभर उर्फ आशीष (22) और प्रसेनजीत विश्वास उर्फ बाबू को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि उक्त मामले में अबतक कुल 6 लोग गिरफ्तार किए गए है। शनिवार को ही मृतक की पत्नी भारती उर्फ श्रद्धा व उसकी मां इंद्रा स्वामी को गिरफ्तार कर लिया व कोर्ट के निर्देश पर 10 दिन की पुलिस हिरासत में इनसे पूछताछ जारी है। गिरफ्तार 6 लोगों ने रमेश मदुलिया की हत्या की बात पुलिस के समक्ष स्वीकार कर लिया है। इस दिन, पुलिस ने बताया कि जेल से आने के बाद रमेश को उसकी पत्नी के विकास के साथ अवैध संबंध की जानकारी मिल चुकी थी और उक्त मामले पर घर में विवाद होता था। भारती की आंख में रमेश खटक रहा था और उसने



योजना तैयार की और अपने प्रेमी व उसके कई साथियों की मदद से वहीं अपने पति की चाकुओं से हत्या की वारदात को अंजाम दिया जहां से रमेश का शव मिला था। गौरतलब है कि चुंचुड़ा थाना थानांतर्गत देवानंदपुर के दक्षिण नालडांगा सृजन पल्ली इलाके में शुक्रवार की सुबह एक स्थानीय जेल से आये एक युवक रमेश मदुलिया (38) का शव घर के पास झाड़ी में लहूलुहान अवस्था में पड़ा मिला। मृतक के शरीर पर धारदार हथियार के कई घाव थे। सनद रहे कि रमेश को ड्रग मामले में जेल हुई थी। वह डेढ़ महीने पहले वह जेल से छूटकर आया था। रमेश की शादी 10 साल पहले हुई थी। लेकिन जब वह ड्रग मामले में जेल गया तो उसकी पत्नी के विवाहेतर संबंध विकास मोईली से बन गए थे, जिससे परिवार में अशांति रहती थी। ऐसे में रमेश की हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, मृतक से लेकर उसकी गिरफ्तार पत्नी तक के आपराधिक रिकॉर्ड है।

# शालीमार स्टेशन पर 17.94 लाख रुपये के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा शालीमार स्टेशन पर जीआरपी ने रविवार को बड़ी मात्रा में नगद रुपये के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम विनय कुमार है, जो हावड़ा के पीके बनर्जी रोड का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने उसके पास से 17 लाख 94 हजार रुपये बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, विनय कुमार पटना के शालीमार द्रुंत एक्सप्रेस से हावड़ा के शालीमार स्टेशन पहुंचा। स्टेशन पर मौजूद जीआरपी अधिकारियों ने उसे शालीमार स्टेशन पर संदिग्ध अवस्था में देखा और उसकी तलाशी ली। जब उसका बैग खोला गया तो उसमे से नगद 17 लाख 94 हजार रुपये निकले। विनय कुमार से इन पैसों के स्रोत और वैध दस्तावेज के बारे में पूछताछ की, लेकिन वह कोई उचित जवाब पेश नहीं कर सका। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर शालिमार जीआरपी थाने लाया गया और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# महिला तृणमूल नेता पर आवास योजना के नाम पर कटमनी मांगने का आरोप



**मुर्शिदाबाद :** आवास योजना की आवंटित राशि खाते में आते ही तृणमूल कांग्रेस की महिला बूथ अध्यक्ष ने ग्रामीणों के घर जाकर कटमनी की मांग शुरू कर दी है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राज्य के प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की है। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर आज यह वीडियो साझा करते हुए तृणमूल कांग्रेस की निंदा की है। दरअसल हाल ही में राज्य सरकार ने आवास योजना के लिए पैसा जारी किया है। मुर्शिदाबाद के काशिमनगर पंचायत के बूथ संख्या 49, गाजीपुर के निवासी चेनू बीबी को आवास योजना का पैसा मिला। इसके बाद तृणमूल की स्थानीय बूथ अध्यक्ष नीलिमा दास महिला के घर पहुंचीं और उनसे 20 हजार की मांग की। पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई और सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसके बाद दबाव में आकर आरोपित तृणमूल नेता कहा, ''मैं नहीं हूं। मुझे नहीं पता था कि क्या था। हमलोगों ने भी मेहनत की थी। इसलिए मैने पैसों की मांग की। मुझसे गलती हो गयी।

# खेल प्रतियोगिता से होती है राज्य की पहचान : विधायक अरिंदम गुइन

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के सेवाड़फुली स्थित बीएस पार्क मैदान में एमएलए कप 2022 फूटबाल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। यह टूर्नामेंट 22 दिसंबर से शुरू हुआ और 29 दिसंबर को संपन्न होगा। चांपदानी विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल विधायक अरिंदम गुइन ने इस फूटबाल टूर्नामेंट की शुरुआत वर्ष 2022 में की थी। टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर अमित पी जवालगी, डीसीपी अर्णव विश्वास, मंत्री व विधायक असीमा पात्रा समेत तमाम पार्षद और दर्शक मौजूद रहे। मैदान खेल प्रेमी दर्शकों से खचाखच भरा रहा। विधायक अरिंदम गुइन ने कहा कि में खेल प्रेमियों की चांपदानी विधानसभा क्षेत्र में भरमार है। बंगाल में फुटबॉल लोकप्रिय खेल है। इसलिए वर्ष 2022 में खेल प्रेमियों के लिए फूटबाल टूर्नामेंट की



शुरुआत की गई थी। पहले दिन सेवाड़फुली और बैद्यबाटी की टीम आपस में खेल के मैदान में भिड़ी जिसमें सेवाड़फुली टीम ने 2-1 से जीत हासिल की। यह टूर्नामेंट मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अनुप्रेरणा से पिछले तीन वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। चांपदानी विधानसभा क्षेत्र से आठ टीम भाग लेगी। सात दिनों तक यह टूर्नामेंट चलेगा। 4 क्वाटर फाइनल। फिर सेमि फाइनल फिर फाइनल खेला जाएगा घरेलू खिलाड़ी ही इस खेल में भाग ले रहे हैं। खेल से लगातार युवाओं का प्रोत्साहन बढ़ रहा है। कहा कि बंगाल में खेला और मेला बंद नहीं हो सकता। दोनों एक दूसरे के पूरक है। खेल से विश्व स्तर पहचान होती है।

# अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में धूमधाम से सम्पन्न हुआ वार्षिक खेल समारोह





**हावड़ा, समाज्ञा :** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में खेल समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति व समाज सेवक प्रेम रावलवासिया, सुशील कुमार मित्तल, विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल (देवरालिया), शिक्षा हितैषी नवीन टिकमानी, विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव, अग्रसेन ब्वॉयज की प्राचार्या अबीरा दास, अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन की उप-प्राचार्या काकोली नाग तथा विद्यालय प्रबंधन के सदस्यगण उप-स्थित थे। खेल समारोह में कक्षा छठीं से लेकर कक्षा नौवीं तथा ग्यारहवीं की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम माननीय सदस्यों द्वारा ध्वजारोहण कर तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा चारों सदन के कप्तानों तथा स्कूल कप्तान को बैच पहनाया गया तत्पश्चात् मधुर धुन पर कदमताल करते हुए छात्राओं ने ध्वज एवं उप-स्थित अतिथियों को सलामी दी। स्कूल कप्तान तथा चारों सदन के कप्तानों द्वारा मशाल प्रज्ज्वलित एवं शपथ ग्रहण की गई। तदोपरान्त खेल प्रतियोगिता आरम्भ करने की घोषणा की गई। चारों सदन का विभाजन भारत की प्रतिष्ठित महान विभूतियों सिस्टर निवेदिता, इंदिरा गांधी, मदर टेरेसा तथा कल्पना चावला के नाम पर रखा गया। तदोपरान्त विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान रंगारंग मनमोहक ड्रिल को दर्शाया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आने वाली छात्राओं को सम्मानीय अतिथिगण के द्वारा पदक तथा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के अन्त में निवेदिता सदन विजेता रहा। उप-प्राचार्या काकोली नाग के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया जिसमें उन्होंने उपस्थित अभिभावकगण तथा मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन कदमताल के साथ हुआ।

# पूर्व रेलवे के 8 अधिकारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2024 से किया गया सम्मानित



रेल मंत्री से सर्वश्रेष्ठ रेल सेवा पुरस्कार प्राप्त करते हुए रैंक रखरखाव कर्ता रोशन कुमार



सहायक उप निरीक्षक उप्पल मंडल को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार देते हुए रेल मंत्री



रेल मंत्री द्वारा विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार लेते हुए पूर्व रेलवे के मुख्य वाणिज्यिक निरीक्षक बालायागेश्वर प्रसाद



लोको पायलट (यात्री) जीतेन्द्र प्रसाद सिंह को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार सौंपते हुए रेल मंत्री



लोको पायलट (मेल/एक्सप्रेस) सियालदह को तापस साधुखान को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार देते हुए केंद्रीय रेल मंत्री



सियालदह वरिष्ठ डीएमई रोहित रंजन को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार देते हुए रेल मंत्री



पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन के वरिष्ठ डीएसटीई मोहम्मद नासिर को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार देते हुए केंद्रीय रेल मंत्री

# मुर्शिदाबाद ने भारी मात्रा में हथियार के साथ दो गिरफ्तार



**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम आशिकुल शेख और जयनाल शेख हैं, दोनों मालदह जिले के वैष्णवनगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आशिकुल और जयनाल हथियार मुर्शिदाबाद के शेखपाड़ा ले जाने जा रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर, पुलिस ने उन्हें पकड़ा और उनके पास से हथियार बरामद किए। आरोपियों को रविवार को लालबाग महकमा कोर्ट में पेश किया गया, जहां सात दिन की पुलिस रिमांड की मांग की गई है। पुलिस यह जांच कर रही है कि आशिकुल और जयनाल के साथ और कौन लोग अवैध हथियारों के कारोबार में शामिल हैं और ये हथियार किस उद्देश्य से लाए जा रहे थे।

# गुस्से में आकर पत्नी की गला दबाकर हत्या, आरोपी पति को अदालत ने सुनाई सजा



**पूर्व वर्दवान :** पत्नी की हत्या करने के अपराध में पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। वर्दवान अदालत ने यह सजा सुनाई। यह घटना पूर्व वर्दवान जिले के भातर थाना क्षेत्र के बस्तपुर गांव में हुई थी। 2021 में मृत महिला के पिता द्वारा की गई शिकायत पर भातर थाना पुलिस ने पति को गिरफ्तार किया था। तीन साल तक चली सुनवाई के बाद अदालत ने यह सजा सुनाई। उल्लेखनीय है कि 1 नवंबर 2021 को भातर थाना में फेलू लोहार ने शिकायत की थी कि उसके दामाद गदाई लोहार ने अपनी पत्नी रीना लोहार को गला दबाकर हत्या कर दी। शादी के बाद से गदाई लोहार शराब पीकर रीना को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। इस हत्या के मामले में गदाई लोहार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई, साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना और दो साल की अतिरिक्त सजा भी दी गई। पूर्व वर्दवान जिला पुलिस ने बताया कि आरोपी ने गुस्से में अपनी पत्नी का गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस की सख्त जांच के बाद आरोपी को सजा दिलवाना संभव हो सका। घटना के बाद पुलिस ने 2 नवंबर 2021 को मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। इस नृशंस घटना के बाद पुलिस ने चार्जशीट दायर की और मामले को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को अंतिम सजा सुनाई, जिसमें आजीवन सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना की सजा शामिल है।

## पिकनिक में गए विद्युत विभाग के कर्मचारी की रहस्यमय मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के गाइघाटा थाना क्षेत्र निवासी एक विद्युत विभाग के कर्मचारी की रहस्यमय मौत हो गई। मृतक की पहचान सुदीप देव (35) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, सुदीप ने शनिवार रात को अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने का प्लान किया था। वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ एक स्थानीय व्यक्ति, सुब्रत दास के घर गए थे, जहां छत पर पिकनिक का आयोजन किया गया था। इस दौरान छत की रेलिंग पर बैठते समय वह गिरकर नीचे आ गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत हाबरा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि यह केवल एक दुर्घटना थी या इसके पीछे कोई और रहस्य छिपा है।

# अनिल खटेड़ के याद में रक्तदान का आयोजन





**हावड़ा, समाज्ञा :** नंदीबगान स्थित गंगेज शिवा अपार्टमेंट में रक्त दान शिविर का आयोजन अनिल खटेड़ की स्मृति में किया गया। अभी हाल ही में अनिल खटेड़ की असामयिक मृत्यु हो गई थी। शिविर में अनिल खटेड़ को श्रद्धा सुमन अर्पित कर 103 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर उत्तर हावड़ा के विधायक गौतम चौधरी, टीएमसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मानव जयसवाल, भाजपा नेता उमेश राय, अनिल गोयल, भोला यादव, शिवराज बाल्मीकि, काली नाथ सिंह, रोहित पाठक, उमेश साव, चन्द्रशेखर गोस्वामी, पूजा रॉय चौधरी, रजनी सिंह, निपा घोष, देबोलीना दास, महेंद्र अग्रवाल, शैलेश राय, मनजीत राफेल, सुरेन्द्र जैन, ताड़क नाथ साव, बुधमल लूनिया, प्रवीण सिंघी विनोद कुचेरिया, रतन लाल सिंघी, विनीत कोठारी, अमित तातेड़, संजय दागा, कमल बरमेचा, राजू दुगड़, आलोक पींचा आदि गणमान्य उपस्थित थे। संपतराज खटेड़, ललित खटेड़, हावड़ा थाना के इंस्पेक्टर अमित कुमार दास, मेघा शर्मा, श्रीयांस खटेड़, रितेश खटेड़, ज्योति खटेड़, अंकित मनोट, सुनील अग्रवाल, पवन शर्मा, हरिप्रसाद अग्रवाल, अभिषेक उपाध्याय, विकाश सिंघी एवं अन्य के विशेष सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## न्यूज इन ब्रीफ

### ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत

**बांदा (उप्र) :** बांदा जिले में रविवार को एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक बुजुर्ग महिला और उसके भतीजे की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। बांदा नगर क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र के अतर्रा बाईपास के महावीरन मंदिर के नजदीक गिट्टी से भरे एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में दो पहिया वाहन सवार महिला चुनिया (65) और उसके भतीजे राजकुमार (28) की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक राजकुमार चला रहा था। सिंह ने बताया कि इसी मोटरसाइकिल पर सवार अनुसुइया देवी (35) नामक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसका मेडिकल कॉलेज में इलाज किया जा रहा है। मोटरसाइकिल सवार तीनों लोग अतर्रा कस्बे में अपने एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और उसके चालक की तलाश की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से भाई-बहन की मौत

**मऊ (उप्र) :** मऊ जिले के दोहरीघाट क्षेत्र में रविवार को मोटरसाइकिल सवार भाई-बहन की अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने यहां बताया कि घोसी थाना क्षेत्र के कटिहारी निवासी सूरज (23) अपनी बहन दीपा (20) को साथ लेकर दवा लेने जा रहा था तभी रास्ते में गोठा फोर लेन के बाइपास के नजदीक किसी अज्ञात वाहन ने दोनों को कुचल दिया। उन्होंने बताया कि उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### सीबीआई अदालत ने रिश्वत लेने के जुर्म में डाक सहायक को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई

**जयपुर :** राजस्थान की राजधानी में स्थित सीबीआई की एक विशेष अदालत ने घूसखोरी के जुर्म में जयपुर के जीपीओ कार्यालय के तत्कालीन डाक सहायक को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, विशेष न्यायाधीश ने दोषी अजय कुमार पारासर पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) पर जारी एक बयान के अनुसार, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक शिकायत के आधार पर पारासर के विरूद्ध अगस्त 2018 को मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि प्रधान डाक घर (जीपीओ) में तत्कालीन डाक सहायक पारासर ने उसके ऐप्पल मोबाइल फोन वाले पार्सल को जारी करने के लिए 6,000 रुपये की रिश्वत की मांग की है।

### राहुल गांधी को आर्थिक आरक्षण संबंधी बयान मामले में सात जनवरी को पेश होने का निर्देश

**बरेली (उप्र) :** बरेली जिले की एक अदालत ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आर्थिक सर्वेक्षण संबंधी बयान को लेकर नोटिस जारी करके सात जनवरी को पेश होने के लिए कहा है। एक अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। अधिवक्ता वीरेन्द्र पाल गुप्ता ने बताया कि बरेली जिला एवं सत्र न्यायालय ने बयान को लेकर शनिवार को गांधी को नोटिस जारी किया और सुनवाई के लिए सात जनवरी 2025 की तारीख तय की। बरेली के सुभाषनगर के निवासी और अखिल भारतीय हिंदू महासंघ के मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक ने अधिवक्ताओं गुप्ता और अनिल द्विवेदी के जरिए राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए सांसद-विधायक अदालत में याचिका दायर की थी, जिसे अदालत ने 27 अगस्त को निरस्त कर दिया था।

# श्री पंचदशनाम आवाहन अखाड़े का महाकुम्भ नगर में हुआ भव्य प्रवेश

**महाकुम्भ नगर :** महाकुम्भ में जन आस्था के सबसे बड़े आकर्षण 13 अखाड़ों का महाकुम्भ नगर में प्रवेश का सिलसिला आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में रविवार को श्री पंचदशनाम आवाहन अखाड़े ने पूरी भव्यता और राजसी अंदाज में छावनी में प्रवेश किया। श्रद्धालुओं और महाकुम्भ प्रशासन ने पुष्प वर्षा कर अखाड़े के संतों का स्वागत किया। सनातन धर्म के 13 अखाड़ों में सबसे पहले अस्तित्व में आए श्री पंचदशनाम आवाहन अखाड़े का महाकुम्भ नगर छावनी में प्रवेश हो गया। इस अखाड़े ने अपने आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी की अगुवाई में छावनी में प्रवेश किया।



छावनी प्रवेश यात्रा अखाड़े के मड़ौका स्थित आवाहन अखाड़े के स्थानीय आश्रम से प्रारंभ हुई और घोड़े और ऊंट पर सवार साधु संतों के साथ बड़ी संख्या में अन्य श्रद्धालु हर हर महादेव के जयघोष के साथ पैदल चलकर छावनी में पहुंचे। श्री पंचदशनाम आवाहन अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी ने कहा, श्री पंचदशनाम आवाहन अखाड़ा सबसे प्राचीन अखाड़ा है जो अब तक प्रयागराज में 122 महाकुम्भ और 123 कुम्भ में भाग ले चुका है। अपने विशिष्ट संकल्प के साथ अखाड़े ने महाकुम्भ क्षेत्र में प्रवेश किया है। अखाड़े के श्री महंत गोपाल गिरी ने कहा कि अखाड़े की इस छावनी प्रवेश यात्रा में एक दर्जन से अधिक महामंडलेश्वर और 51 श्री महंतों के अलावा बड़ी संख्या में नागा संन्यासी शामिल हुए। छावनी प्रवेश यात्रा में सबसे आगे अखाड़े के देवता भगवान गजानन जी का रथ था। इसके बाद अखाड़े के पंच परमेश्वर रमता पंच और इसके बाद अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर का रथ चल रहा था।

## संभल जिले के चंदौसी में प्राचीन बावड़ी मिली

**संभल (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के संभल में चंदौसी के लक्ष्मण गंज इलाके में खुदाई के दौरान लगभग 150 साल पुरानी और 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली बावड़ी मिली है। चंदौसी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर ने बताया कि शनिवार को स्थल पर खुदाई शुरू हुई। संभल में 13 दिसंबर को लगभग 46 साल से बंद भस्म शंकर मंदिर के फिर से खुलने के बाद यह खुदाई की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि उन्हें अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान संरचना का पता चला। अधिकारियों ने कहा कि मंदिर की बावड़ी के अंदर दो क्षतिग्रस्त मूर्तियां मिलीं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बावड़ी का निर्माण बिलारी के राजा के नाना के शासनकाल के दौरान किया गया था। संभल के जिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र पेंसिया ने कहा कि इस स्थल पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने की संभावना पर विचार किया जा रहा है, और यदि आवश्यक हुआ तो एएसआई से अनुरोध किया जा सकता है। मीडिया से बात करते हुए पेंसिया ने कहा, यह स्थल पहले तालाब के रूप में पंजीकृत था। बावड़ी की ऊपरी मंजिल ईंटों से बनी है, जबकि दूसरी और तीसरी मंजिल संगमरमर की है। उन्होंने कहा कि संरचना में चार कमरे और एक बावड़ी भी है। पेंसिया ने कहा कि संरचना को नुकसान से बचाने के लिए काम सावधानी से किया जा रहा है। डीएम ने कहा, खुदाई जारी रहेगी, और क्षेत्र में अतिक्रमण को हटाया जाएगा।



प्रारंभिक अनुमानों से पता चलता है कि बावड़ी लगभग 125 से 150 साल पुरानी है। अधिकारी ने बावड़ी के पास स्थित बांके बिहारी मंदिर के बारे में भी चिंता व्यक्त की, जो जीर्ण-शीर्ण हो गया है। डीएम ने कहा कि लगभग 150 साल पुराने माने जा रहे मंदिर में दो मूर्तियां हैं जिन्हें अलग-अलग मंदिरों में सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए कदम उठाए जाएंगे और इसके आसपास के सभी अतिक्रमणों को हटाया जाएगा। दो दिन पहले आयोजित एक जनसभा के दौरान चंदौसी के निवासी कौशल किशोर ने जिला कार्यालय को प्राचीन बावड़ी के बारे में जानकारी दी और पास के बांके बिहारी मंदिर की बिगड़ती स्थिति का उल्लेख किया।

## झारखंड के पलामू में ऑर्केस्ट्रा नर्तकी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

**मेदिनीनगर (झारखंड) :** झारखंड के पलामू जिले में रविवार दोपहर एक अज्ञात हमलावर ने 30 वर्षीय ऑर्केस्ट्रा नर्तकी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पूजा कुमारी नामक नर्तकी को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के हरिहर चौक के निकट नर्तकी मोहल्ला स्थित उसके घर में सिर में गोली मार दी गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हुसैनाबाद थाने के प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि घटना के सिलसिले में छह लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस को संदेह है कि हिरासत में लिए गए लोगों में अपराधी भी शामिल है। हुसैनाबाद उप-संभागीय पुलिस अधिकारी मोहम्मद याकूब ने भी घटनास्थल का दौरा किया। मृत नर्तकी के परिवार का बयान दर्ज किया जा रहा है। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने जपला-दंगवार सड़क को जाम कर दिया और अपराधी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान हुए प्रदर्शन के कारण यातायात बाधित रहा। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## झारखंड में शुरू हुआ भाजपा का सदस्यता अभियान

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को झारखंड में अपना व्यापक सदस्यता अभियान शुरू कर दिया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह जिले के खोरों गांव में अभियान की शुरुआत की। मरांडी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'आज अपने धनवार विधानसभा क्षेत्र के बेलवाना पंचायत स्थित खोरों में आयोजित संगठन महापर्व सदस्यता अभियान की मंडल स्तरीय कार्यशाला में शामिल हुआ। कार्यशाला में सैकड़ों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।' भाजपा के एक पदाधिकारी ने बताया कि अभियान की शुरुआत राज्य भर में 5,628 केंद्रों पर हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस



अभियान के दौरान करीब 60 लाख सदस्य बनाने का फैसला किया है, क्योंकि पार्टी को हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में 59 लाख से अधिक वोट मिले थे। पार्टी कार्यकर्ता लाखों लोगों को भाजपा से जोड़ने के लिए गांवों और प्रखंडों में हर घर का दौरा करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा कि पार्टी समर्थक और शुभचिंतक वेबसाइट लिंक या टोल-फ्री नंबर के जरिए ऑनलाइन भी पार्टी से जुड़ सकते हैं। पार्टी प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान के बाद 2 जनवरी से 15 जनवरी तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद एक फरवरी से 10 फरवरी के बीच बूथ स्तर की समितियों का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 20 फरवरी से 25 फरवरी तक मंडल समितियों और फरवरी के अंत तक जिला समितियों का गठन किया जाएगा। भाजपा ने 2 सितंबर को अपना राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान शुरू किया था, जिसमें चुनाव के कारण झारखंड, हरियाणा, महाराष्ट्र और जम्मू कश्मीर जैसे कुछ राज्य शामिल नहीं थे।

## उत्तर प्रदेश: सरकार ने मार्च 2025 तक टीबी के खात्मे के लिए विशेष अभियान शुरू किया

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने अगले वर्ष मार्च तक प्रदेश को 'टीबी मुक्त' बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। रविवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में टीबी (तपेदिक) के खात्मे के लिए विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है, जो 24 मार्च 2025 तक जारी रहेगा। बयान में बताया गया कि अभियान के जरिये टीबी रोगियों की पहचान, इलाज और पुनर्वास की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जनता की भागीदारी व समग्र दृष्टिकोण अपनाना है और यह स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बयान के मुताबिक, इस अभियान के तहत 15 जिले में खासतौर पर टीबी रोगियों की पहचान, इलाज और जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बयान में बताया गया कि इन जिलों में अयोध्या, सीतापुर, बाराबंकी, देवरिया, इटावा, अमेठी, बस्ती, फर्रुखाबाद, हाथरस, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रायबरेली, रामपुर, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर शामिल हैं, जहां टीबी के मामलों की दर अपेक्षाकृत अधिक है। अभियान में टीबी के उन रोगियों को खोजने पर जोर दिया जा रहा है, जिनकी अब तक पहचान नहीं हुई है। इस अभियान के तहत उपचार और बेहतर देखभाल के जरिए टीबी से होने वाली मौतों को कम करना है। बयान के मुताबिक, इस अभियान के तहत सात दिसंबर से 19 दिसंबर के बीच 27,00,377 लोगों की जांच की गई जबकि 35,451 व्यक्तियों का माइक्रोस्कोपी और 26,642 व्यक्तियों का एनएएटी परीक्षण किया गया। बयान में बताया गया कि इस दौरान 2,20,520 टीबी रोगियों को चिह्नित किया गया। बयान के मुताबिक, वहीं निक्षय पोषण योजना के तहत 49,850 टीबी रोगियों को लाभ पहुंचाया गया और 1,96,520 लोगों को टीबी से बचाव के लिए उपचार दिया गया।

## पीसीएस-प्री की परीक्षा में महज 42 प्रतिशत अभ्यर्थी शामिल हुए

**प्रयागराज :** पिछले महीने छात्र आंदोलन को लेकर सुर्खियों में रही पीसीएस प्री की परीक्षा रविवार को सकुशल संपन्न हो गई। हालांकि इस परीक्षा में लगभग 42 प्रतिशत अभ्यर्थी ही शामिल हुए। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, रविवार को सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा की सुचिता के लिहाज से दो-हरी स्तर की व्यवस्था की गई थी जिसमें पुलिस और एजेंसी अलग अलग जांच कर रही थी। उन्होंने बताया, इसके अलावा, आंख की पुतलियों से मिलान और बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज की गई। साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज की लाइव स्ट्रीमिंग की गई। आयोग में बने नियंत्रण कक्ष से हर केंद्र के हर अभ्यर्थी पर नजर रखी गई। सचिव ने बताया कि पूरे प्रदेश में 1331 केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए यह निगरानी की गई और जैसे ही कोई अभ्यर्थी इधर-उधर घूमता दिखा तो संबंधित केंद्र को तुरंत अलर्ट किया गया। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में केवल एटा में एक परीक्षा केंद्र- जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज में एक अभ्यर्थी ईयरफोन लेकर आ गया था जिसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। कुमार ने बताया कि परीक्षा सकुशल संपन्न होने के साथ इसके परिणाम जल्द से जल्द जारी करने के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

## न्यूज अपडेट

### उत्तर प्रदेश: मुख्यमंत्री कार्यालय के 'एक्स' हैंडल पर फॉलोअर्स की संख्या 60 लाख हुई

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय के 'एक्स' हैंडल पर फॉलोअर्स की संख्या 60 लाख हो गयी है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोशल मीडिया पर जबरदस्त सक्रियता रहती है, जिस कारण 'एक्स' पर मुख्यमंत्री कार्यालय के फॉलोअर्स की संख्या में काफी वृद्धि हुई है और रविवार को यह संख्या 60 लाख तक पहुंच गई। बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'एक्स' हैंडल पर फॉलोअर्स की संख्या 3.09 करोड़ और इंस्टाग्राम पर 1.31 करोड़ है। वहीं योगी आदित्यनाथ के व्हाट्सऐप चैनल पर 35.36 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं।

### कुशीनगर में बस पलटी: 12 छात्र घायल

**गोरखपुर (उप्र) :** बिहार स्थित एक कोचिंग संस्थान के छात्रों और शिक्षकों को ले जा रही एक बस रविवार को उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में पलट गई। इस घटना में 12 छात्र घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने यहां बताया कि यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-28 पर तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के पास हुई। बस बिहार के सीवान में स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान के 43 छात्रों और शिक्षकों को भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल पर ले जा रही थी। उनके मुताबिक, इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने बस को ओवरटेक करने की कोशिश की, जिससे बस राजमार्ग के डिवाइडर से टकराकर सड़क के किनारे खाई में पलट गई। उन्होंने बताया कि हादसे में 12 छात्र घायल हो गये तथा सभी को फाजिलनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। अधिकारियों के मुताबिक, एक छात्र के पैर में 'फ्रैक्चर' हो गया है तथा उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं, 11 छात्रों को मामूली चोटें आयीं। कुशीनगर के जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने घायल छात्रों का हालचाल जानने के लिए अस्पताल का दौरा किया और उनके इलाज और स्वास्थ्य लाभ के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### वाराणसी में बदमाशों ने सर्राफा कर्मचारी और उसके बेटे को गोली मारकर आभूषण लूटे

**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी पुलिस आयुक्तालय के भेलूपुर थाना क्षेत्र में कार सवार बदमाशों ने सर्राफा कर्मचारी और उसके बेटे को गोली मार कर गहने लूट लिए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के पिता और पुत्र को बीएचयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जिनकी हालत खतरे से बाहर है। काशी जोन के पुलिस उपयुक्त (डीसीपी) गौरव बंसवाल ने बताया कि भेलूपुर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात तीन बजे 46 वर्षीय दीपक सोनी मुंबई से गहने ले कर आ रहे थे और उनका बेटा उनको स्कूटी पर स्टेशन से लेकर जा रहा था, तभी कमच्छा क्षेत्र में बदमाशों ने पिता-पुत्र पर गोलीबारी कर दी। डीसीपी ने बताया कि हमले में दोनों घायल हो गए और बदमाश उनसे जेवर छीनकर फरार हो गये। उन्होंने बताया कि दोनों पिता-पुत्र को इलाज के लिए बीएचयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, दोनों खतरे से बाहर हैं और पूरे शहर में नाका बंदी करके सभी वाहनों की जांच की जा रही है। भेलूपुर पुलिस के अनुसार दीपक सोनी वाराणसी के गुरुधाम कालोनी के निवासी हैं और एक सर्राफा कारोबारी के यहां काम करते हैं। पुलिस गहनों की कीमत का आकलन कर रही है।

### मोदी और शाह के खिलाफ अपशब्दों के इस्तेमाल के मामले में सपा नेता गिरफ्तार

**बलिया, (उप्र) :** बलिया जिले की भीमपुरा थाना पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विरुद्ध अपशब्दों का उपयोग करने और पुतला दहन करने के आरोप में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक नेता समेत 12 ज्ञात और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को आरोपी सपा नेता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार भीमपुरा थाना में पुलिस उप निरीक्षक वरुण कुमार राकेश की तहरीर पर शनिवार की रात सपा नेता फतेह बहादुर यादव समेत 12 ज्ञात और 10 अज्ञात लोगों को खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 132 (लोकसेवक के कार्य में बलपूर्वक बाधा डालना), 285 (सार्वजनिक मार्गों पर अवरोध पैदा करना), 287 (आग या दहनशील पदार्थ के संबंध में लापरवाहीपूर्ण आचरण), 292 (सार्वजनिक उपद्रव) और 352 (किसी व्यक्ति का अपमान करना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। राकेश ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि 20 दिसंबर की दोपहर सिकरिया नहर पुलिया के निकट आरोपियों ने मोदी और शाह के विरुद्ध अपशब्दों का उपयोग करते हुए पुतला दहन किया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई, जिसकी वजह से सड़क जाम हो गयी।

## बिहार के मुजफ्फरपुर में प्रेमी युगल को बिजली के खंभे से बांधकर पीटा गया

**मुजफ्फरपुर (बिहार) :** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक प्रेमी युगल को खंभे से बांधकर बेरहमी से पीटा गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। घटना का एक कथित वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो की प्रामाणिकता की पीटीआई स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका है। वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी। मुजफ्फरपुर के पुलिस अधीक्षक (देहात) विद्या सागर ने पत्रकारों से कहा, 'हम वीडियो की प्रामाणिकता की जांच कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि वीडियो में दिख रहा पुरुष पीड़ित मुजफ्फरपुर के सकरा इलाके का निवासी है।



संबंधित थाने को घटना की जांच करने का निर्देश दिया गया है।' नाम न बताने की शर्त पर एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रेमी युगल को स्थानीय लोगों ने बेरहमी से पीटा। उन्होंने कहा, 'दोनों को साकरा में एक समूह ने बिजली के खंभे से बांध दिया और उनकी पिटाई की। मामले की जांच की जा रही है।'

## उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में मिला बंद पड़ा पुराना मंदिर, विहिप ने किया जीर्णोद्धार का आग्रह

**बुलंदशहर :** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खुर्जा शहर में एक बंद पड़ा पुराना मंदिर मिलने पर हिंदू संगठनों ने प्रशासन से मंदिर का जीर्णोद्धार करने का आग्रह किया है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और जाटव विकास मंच के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से मंदिर का जीर्णोद्धार कराने का अनुरोध किया ताकि धार्मिक गतिविधियों को फिर से शुरू किया जा सके। विहिप के मेरठ प्रांत के पदाधिकारी सुनील सोलंकी ने बताया कि यह मंदिर वर्ष 1990 से बंद है क्योंकि इस क्षेत्र में रहने वाले हिंदू परिवार पलायन कर गए थे। सोलंकी ने जोर देकर कहा कि जिला प्रशासन को एक ज्ञापन दिया गया है, जिसमें पूजा कराने के लिए मंदिर की सफाई और



सौंदर्यीकरण का अनुरोध किया गया है। जाटव विकास मंच के अध्यक्ष कैलाश भागमल गौतम ने बताया कि मंदिर लगभग 50 वर्ष पुराना है, जिसे मूल रूप से जाटव समुदाय के सदस्यों द्वारा बनाया गया था। उन्होंने कहा कि वर्ष 1990 के दंगों के बाद समुदाय ने पलायन कर दिया और तब से मंदिर बंद है। मंच ने विहिप के साथ समन्वय में मंदिर की पूजा गतिविधियों के पुनरुद्धार का औपचारिक रूप से अनुरोध किया है। खुर्जा के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) दुर्गेश सिंह ने सलमा हाकन मोहल्ले में मंदिर के होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि जाटव समुदाय ने मंदिर का निर्माण किया था और वहां पूज भी की थी हालांकि समुदाय के पलायन करने के बाद मूर्तियों को जाटव समुदाय के एक परिवार के सदस्य द्वारा कथित तौर पर ले जाया गया और पास की एक नदी में विसर्जित कर दिया गया। सिंह ने स्पष्ट किया कि मंदिर की संरचना बरकरार है और स्थल को लेकर कोई विवाद नहीं है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं, मकान और इलाज की व्यवस्था का आश्वासन दिया

**गोरखपुर, (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात करके उनकी समस्याएं सुनीं और मदद का आश्वासन दिया। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजना के तहत मकान दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी



निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जन समस्याओं पर संवेदनशीलता दिखाने का निर्देश दिया। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगीं कुर्सियों पर बैठे लोगों के पास मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। बयान में कहा गया है कि जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने पक्के मकान न होने की बात कही, इसपर मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान की सुविधा दी जाएगी। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे, मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। बयान के अनुसार अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी ने पुलिस को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

## आंबेडकर को अपमानित करने वालों को सत्ता से बाहर कर देगा 'पीडीए' : अखिलेश यादव

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) समाज के लोग डॉ. बीआर आंबेडकर और उनके संविधान को अपमानित करने वालों को हमेशा के लिए सत्ता से बाहर कर देंगे। यादव ने संसद में आंबेडकर के खिलाफ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर देशव्यापी आंदोलन के बीच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अपमान की इस प्रथा को तोड़ने के लिए अब पीडीए समाज के हर एक व्यक्ति ने ठान लिया है कि वह सामाजिक एकजुटता से राजनीतिक शक्ति प्राप्त कर अपनी सरकार बनाएंगे और बाबा साहब व उनके संविधान को अपमानित करने वालों को हमेशा के लिए सत्ता से बाहर कर देंगे। सपा



प्रमुख ने पोस्ट में कहा, प्रभुत्वादियों और उनके संगी साथियों के लिए बाबा साहब सदैव से एक ऐसे व्यक्तित्व रहे हैं, जिन्होंने संविधान बनाकर शोषणात्मक नकारात्मक प्रभुत्वादी सोच पर पाबंदी लगाई थी। इसीलिए प्रभुत्वादी हमेशा से बाबा साहब के खिलाफ रहे हैं और समय-समय पर उनके अपमान के लिए तिरस्कार पूर्ण बयान देते रहें हैं। उन्होंने कहा उन्होंने कभी भी बाबा साहब के सब की बराबरी के सिद्धांत को स्वीकार नहीं किया। यादव ने कहा, बाबा साहब ने इस व्यवस्था को तोड़ने के लिए शुरू से आवाज ही नहीं उठाई बल्कि जब देश आजाद हुआ तो संविधान बनकर उत्पीड़ित पीडीए समाज की रक्षा का कवच भी बना कर दिया। उन्होंने कहा प्रभुत्वादी और उनके संगी साथी सदैव आरक्षण के विरोधी रहे हैं। सदियों की पीड़ा और आरक्षण दोनों ही पीडीए को एक सूत्र करते हैं क्योंकि बाबा साहब संविधान और सामाजिक न्याय के सूत्रधार थे इसलिए ऐसे प्रभुत्वादी नकारात्मक लोगों को बाबा साहब हमेशा अखरते हैं। यादव ने यह भी कहा बाबासाहेब ने हर एक इंसान को एक मानव के रूप में अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आंदोलन में हिस्सा लेने की बात कही थी और खुद भी यह करके दिखाया था।

## न्यूज इन ब्रीफ

### ओडिशा के पूर्व विधायक बिजय मोहंती का निधन

**भुवनेश्वर :** ओडिशा विधानसभा के पूर्व सदस्य बिजय कुमार मोहंती का रविवार को यहां निधन हो गया। वह 60 वर्ष के थे। भुवनेश्वर मध्य निर्वाचन क्षेत्र से दो बार बीजद विधायक रहे मोहंती को यहां एक अतिथिगृह में बेहोश होने के बाद कैपिटल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह पिछले कुछ हफ्तों से अस्वस्थ चल रहे थे। अस्पताल के उपाधीक्षक धनंजय दास ने बताया कि अस्पताल पहुंचने पर उनकी चिकित्सा जांच की गई और उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बाद में मोहंती के पार्थिव शरीर को राज्य विधानसभा और बीजद पार्टी कार्यालय लाया गया जहां विधायकों और पार्टी नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### कश्मीर में तापमान शून्य से नीचे, पर भीषण शीतलहर से थोड़ी राहत

**श्रीनगर :** कश्मीर में भीषण शीतलहर से कुछ राहत मिली लेकिन घाटी में रविवार को भी तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भीषण ठंड के कारण पानी आपूर्ति की लाइनें और कई जलाशयों की सतह पर बर्फ की पतली परत जम गई है। श्रीनगर में शनिवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के मुकाबले करीब चार डिग्री अधिक है। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। पहलगाम को वार्षिक अमरनाथ यात्रा के आधार शिविर के रूप में भी जाना जाता है। उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। गुलमर्ग स्कीइंग गतिविधियों के लिए मशहूर जगह है। कश्मीर के प्रवेशद्वार शहर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया जबकि पंपोर क्षेत्र के कोनीबल गांव में तापमान शून्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। कोनीबल गांव, घाटी का सबसे ठंडा स्थान रहा।

### राहुल और प्रियंका समेत गांधी परिवार ने दिल्ली के 'क्वालिटी' रेस्तरां में दोपहर का भोजन किया

**नयी दिल्ली :** राहुल और प्रियंका समेत पूरा गांधी परिवार रविवार को दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित मशहूर 'क्वालिटी' रेस्तरां में दोपहर के भोजन का लुत्फ उठाता दिखा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, उनके पति रॉबर्ट वाद्रा, बेटी मिराया और सास मौरीन वाद्रा ने रेस्तरां में दोपहर के भोजन का आनंद लिया। राहुल गांधी ने दोपहर के भोजन की तस्वीरें पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, ''प्रतिष्ठित 'क्वालिटी' रेस्तरां में परिवार के साथ दोपहर का भोजन। अगर आप जाएं तो छोले भटूरे खा सकते हैं।'' यह रेस्तरां अपनी समृद्ध पाक विविधता के लिए जाना जाता है और विशेष रूप से अपने छोले भटूरे के लिए प्रसिद्ध है।

### महाराष्ट्रः नया मोबाइल फोन नहीं मिलने पर किशोर ने आत्महत्या की

**मुंबई :** महाराष्ट्र के सांगली जिले में 15 वर्षीय एक लड़के ने कथित तौर पर इसलिए आत्महत्या कर ली क्योंकि उसकी मां ने उसे उसके जन्मदिन पर मोबाइल फोन दिलाने से मना कर दिया था। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात मिराज शहर में हुई। उन्होंने बताया कि किशोर ने अपने घर में फांसी लगाकर कथित तौर पर तब आत्महत्या कर ली, जब उसकी मां और बहन सो रही थीं। अधिकारी ने बताया कि किशोर ने दो दिन पहले अपना जन्मदिन मनाया था और अपनी मां से मोबाइल फोन मांगा था। उन्होंने बताया कि मां ने कुछ वित्तीय समस्याओं के कारण फोन दिलाने से मना कर दिया था। उन्होंने बताया कि अगले दिन लड़के के परिवार ने उसे फंदे से लटका हुआ पाया। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज कर ली गई है और इस संबंध में विस्तृत जांच जारी है।

# त्रिपुरा में भाजपा सरकार का 10 साल का प्रदर्शन माकपा के 30 साल के कामकाज पर भारी : शाह




**अगरतला :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि वह 2028 के विधानसभा चुनावों में त्रिपुरा में भाजपा और माकपा दोनों शासन का 'रिपोर्ट कार्ड' पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि तब तक भाजपा का प्रदर्शन पूर्ववर्ती वामपंथी शासन की उपलब्धियों से अधिक होगा। शाह ने यहां रवींद्र भवन में राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि वाम मोर्चा शासन के दौरान त्रिपुरा 35 वर्षों तक पिछड़ा रहा क्योंकि सरकार केवल मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) कार्यकर्ताओं के लिए काम करती थी। शाह ने कहा, ''त्रिपुरा ने भाजपा को दो बार जनादेश दिया है। तीसरी बार (2028 विधानसभा चुनाव) मैं अपने 10 साल के शासन का रिपोर्ट कार्ड लेकर आऊंगा और इसकी तुलना माकपा के 35 साल के शासन से करूंगा।

### शाह ने त्रिपुरा में केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान की आधारशिला रखी

**अंबासा (त्रिपुरा) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को त्रिपुरा में केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) समेत 668 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। धलाई जिले के अंबासा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय द्वारा त्रिपुरा में सीडीटीआई की स्थापना का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र में सुरक्षा को मजबूत करना है।

# महिलाओं, बुजुर्गों से जुड़ी योजनाओं के लिए पंजीकरण सोमवार से शुरू किया जाएगा: केजरीवाल

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की है कि दिल्ली सरकार की उस योजना के लिए पंजीकरण सोमवार से शुरू होगा जिसके तहत महिलाओं को मासिक सहायता प्रदान की जाएगी। केजरीवाल ने यह भी कहा कि इसके साथ ही संजीवनी योजना के लिए पंजीकरण भी शुरू हो जाएगा, जिसके तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त में इलाज की सुविधा मिलेगी। दिल्ली सरकार ने 2024-25 के अपने बजट में 18 वर्ष से अधिक उम्र की सभी महिलाओं को 1,000 रुपये प्रति माह प्रदान करने की इस योजना की घोषणा की थी। केजरीवाल ने हालांकि हाल ही में घोषणा की थी कि अगर उनकी पार्टी अगले वर्ष दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता बरकरार रखती है तो यह राशि बढ़ाकर 2,100 रुपये कर दी जाएगी। दिल्ली में विधानसभा चुनाव अगले वर्ष फरवरी में होने की संभावना है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने रविवार को की गई घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केजरीवाल ''झूठे सपने बेच रहे हैं'' क्योंकि आप ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव और पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले इसी तरह के वादे किए थे, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''योजना के लिए पंजीकरण कल (सोमवार) से शुरू होगा और महिलाओं को पंजीकरण के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है। हमारे स्वयंसेवक आपके घर पहुंचेंगे और पंजीकरण पूरा करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''ऐसी कई बेटियां हैं जिनकी कॉलेज की शिक्षा आर्थिक तंगी के कारण 12वीं कक्षा के बाद बाधित हो जाती है। इस 2,100 रुपये से वे अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगी और उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी।''




# ''डल्लेवाल की हालत गंभीर'', 27वें दिन भी अनशन जारी

**चंडीगढ़ :** पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन रविवार को 27वें दिन भी जारी रहा जबकि चिकित्सकों ने बताया कि उनकी हालत ''गंभीर है।'' खनौरी सीमा पर प्रदर्शन स्थल पर उनका इलाज कर रहे चिकित्सकों ने फिर से कहा कि डल्लेवाल को हृदयाघात और कई अंगों के फेल हो जाने का खतरा है। डल्लेवाल (70) आंदोलनरत किसानों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों को स्वीकार करने के लिए केंद्र पर दबाव बनाने के वास्ते पंजाब और हरियाणा के बीच खनौरी बॉर्डर पर 26 नवंबर से आमरण अनशन पर बैठे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि चिकित्सकों की सलाह के बाद वरिष्ठ किसान नेता रविवार को मंच पर नहीं आए। बयान में कहा गया कि 27 दिनों से लगातार भूख हड़ताल करने से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो गई है, जिससे उन्हें संक्रमण का खतरा है। डल्लेवाल की जांच करने वाले एक चिकित्सक ने खनौरी सीमा पर संवाददाताओं को बताया, उनके हाथ-पैर ठंडे थे। भूख से उनके तंत्रिका तंत्र, यकृत और गुर्दे जैसे महत्वपूर्ण अंगों पर प्रभाव पड़ रहा है।

# ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य ने भागवत पर राजनीतिक सुविधा के अनुसार बयान देने का आरोप लगाया

**हरिद्वार :** ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत की आलोचना करते हुए रविवार को उन पर 'राजनीतिक सुविधा' के अनुसार बयान देने का आरोप लगाया और कहा कि जब उन्हें सत्ता प्राप्त करनी थी, तब वह मंदिर-मंदिर करते थे अब सत्ता मिल गई तो मंदिर नहीं ढूंढ़ने की नसीहत दे रहे हैं। शंकराचार्य ने भागवत के उस बयान पर उनकी आलोचना की है जिसमें उन्होंने कहा था कि हर जगह मंदिर ढूंढ़ने की इजाजत नहीं दी सकती। उन्होंने भागवत पर 'राजनीतिक सुविधा' के अनुसार बयान देने का आरोप लगाते हुए कहा, जब उन्हें सत्ता प्राप्त करनी थी, तब वह मंदिर-मंदिर करते थे अब सत्ता मिल गई तो मंदिर नहीं ढूंढ़ने की नसीहत दे रहे हैं। शंकराचार्य ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के संसद में बीआर आंबेडकर पर दिए बयान की भी आलोचना की। उन्होंने संसद में धक्का-मुक्की प्रकरण पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी का बचाव करते हुए कहा कि संसद में धक्का-मुक्की प्रकरण की वजह केंद्रीय गृह मंत्री का आंबेडकर पर दिया वक्तव्य है । उन्होंने कहा कि देश में आंबेडकर की विचारधारा मानने वाले लोग अधिक हैं इसलिए हर कोई अपनी राजनीति के लिए उनके नाम का इस्तेमाल कर रहा है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की निंदा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार को कड़ा कदम उठाते हुए भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को उनके देश भेज देना चाहिए । उन्होंने बंगलादेश में हिंदुओं पर अत्याचार मामले में केंद्र सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने के लिए उसकी आलोचना भी की। शंकराचार्य ने पूर्व में आक्रांताओं द्वारा कथित रूप से तोड़े गए मंदिरों की सूची बनाकर उनका पुरातत्व सर्वेक्षण किए जाने तथा हिंदू समाज के गौरव को पुनः पुरस्थापित किए जाने की भी मांग की।

## न्यूज अपडेट

### हिमाचल प्रदेशः चार जिलों में कड़ाके की ठंड का 'ऑरेंज' अलर्ट जारी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के निचले पहाड़ी इलाकों में कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। स्थानीय मौसम विभाग ने बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर और मंडी जिलों में सोमवार से चार दिनों के लिए कड़ाके की ठंड का 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार तक मध्य और ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और बर्फबारी का भी अनुमान जताया है। विभाग के मुताबिक, न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया लेकिन मौसम शुष्क रहा और दिन के समय तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। राज्य में ताबो सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से 11.6 डिग्री नीचे दर्ज किया गया जबकि सुमदो, कुसुमसेरी और कल्पा में न्यूनतम तापमान क्रमशः शून्य से 5.3 डिग्री नीचे, शून्य से 4.8 डिग्री नीचे और शून्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। वहीं ऊना में न्यूनतम तापमान 1.0 डिग्री दर्ज किया गया जबकि भुंतर में तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस रहा। विभाग के मुताबिक, ऊना राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शनिवार के 24.5 डिग्री सेल्सियस से कम है। मौसम केंद्र ने 24 से 26 दिसंबर तक मंडी में भाखड़ा बांध जलाशय क्षेत्र और बल्ह घाटी के कुछ हिस्सों में घने कोहरे का 'येलो' अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, 27 दिसंबर से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र और आसपास के मैदानी इलाकों के एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ से प्रभावित होने की संभावना है।

### हिमाचल सरकार कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री सुक्खू

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उनके लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। सुक्खू ने कहा, ''हाल ही में राज्य मंत्रिमंडल ने 'महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना' शुरू करने को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य वाल्मीकि समुदाय के सफाई कर्मचारियों को तीन लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करना है।'' उन्होंने कहा, ''यह योजना उन लोगों के लिए लागू की गई है जिनकी वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है और जिनके पास अपना मकान नहीं है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि लाभार्थी विस्तृत जानकारी और आवेदन के लिए तहसील कल्याण अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त सरकार ने 'मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना' के तहत वित्तीय सहायता 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर तीन लाख रुपये कर दी गई है। उन्होंने कहा, ''यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि ऐसे घरों में पानी और बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी जाए।'' सुक्खू ने कहा, ''इसके अलावा हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत महिलाओं को आवास निर्माण के लिए चार लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे, जिसमें तीन लाख रुपये घर बनाने के लिए और एक लाख रुपये रसोई, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए प्रदान किए जाएंगे।'' उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार जीवन स्तर में सुधार लाने तथा आवासहीन परिवारों को आश्रय प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये पहल हिमाचल प्रदेश में समग्र विकास सुनिश्चित करने और हाशिए पर पड़े समुदायों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के सरकार के प्रयासों को रेखांकित करती हैं।

### पुरी के जगन्नाथ मंदिर में एक जनवरी से नयी 'दर्शन' व्यवस्था लागू होगीः मंत्री

**भुवनेश्वर :** ओडिशा सरकार श्रद्धालुओं को देवताओं के दर्शन के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए पुरी के जगन्नाथ मंदिर में एक नयी व्यवस्था शुरू करने जा रही है । कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रविवार को इसकी जानकारी दी। यहां पत्रकारों से बात करते हुए हरिचंदन ने कहा कि सरकार एक जनवरी से जगन्नाथ मंदिर में लोगों के दर्शन के लिए नयी व्यवस्था शुरू करने के लिए कदम उठा रही है। उन्होंने कहा, आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। 27 या 28 दिसंबर तक आवश्यक कार्य पूरा कर लिया जाएगा। प्रायोगिक आधार पर 30 और 31 दिसंबर को दो दिनों के लिए नयी व्यवस्था शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक जनवरी से नयी दर्शन व्यवस्था पूरी तरह लागू हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि इस कदम के तहत मंदिर में आने वाली महिलाओं, बच्चों, दिव्यांग व्यक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी विशेष व्यवस्था की जा रही है। नयी व्यवस्था के अनुसार, भक्तगण मौजूदा द्वार (सतपहाचा) से जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करेंगे, जबकि निकास दो अलग-अलग द्वारों (घंटी और गरदा) से होगा।

# संवैधानिक संस्थाओं की अखंडता को राजनीतिक प्रभाव से अलग रखा जाना चाहिए : न्यायमूर्ति नरसिम्हा

**बेंगलुरू :** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पी.एस. नरसिम्हा ने रविवार को कहा कि भारत को अपने संवैधानिक संस्थानों की अखंडता को बाहरी हस्तक्षेप से बचाना चाहिए, जिसमें राजनीति से प्रेरित हस्तक्षेप भी शामिल हैं। न्यायमूर्ति नरसिम्हा बेंगलुरू में 'नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी' (एनएलएसआईयू) द्वारा आयोजित न्यायमूर्ति ई.एस. वेंकटरमैया स्मृति व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। न्यायमूर्ति वेंकटरमैया भारत के 19वें मुख्य न्यायाधीश रहे थे। इससे पहले वह कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और मैसूर के महाधिवक्ता रहे। 'सुप्रीम कोर्ट ऑब्जर्वर' के अनुसार, वह 720 निर्णय सुनाने वाली पीठों का हिस्सा थे। इनमें से उन्होंने उच्चतम न्यायालय में अपने कार्यकाल के दौरान 256 निर्णय लिखे। अपने संबोधन में न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने कहा कि संस्थाओं की अखंडता को केवल उन व्यक्तियों की नियुक्ति, निर्णय लेने और हटाने की प्रक्रिया में सुरक्षा उपाय लागू करके ही बरकरार रखा जा सकता है, जो इन संस्थाओं की अगुवाई करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्मृति व्याख्यान का विषय, 'संवैधानिक संस्थाओं की पुनर्कल्पना: अखंडता, दक्षता और जवाबदेही' प्रासंगिक है, क्योंकि न्यायमूर्ति वेंकटरमैया न्यायिक पेशेवरों की उस पीढ़ी से संबंधित थे, जिन्होंने संस्थाओं के विकास और उन्हें बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई थी। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने निर्वाचन आयोग, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, संघ और राज्य लोक सेवा आयोगों और अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए राष्ट्रीय आयोगों जैसी 'चौथी शाखा संस्थाओं' की भूमिका के बारे में विस्तार से चर्चा की। निर्वाचन आयोग का उदाहरण देते हुए न्यायमूर्ति ने कहा, ''आज हम यह मानकर चलते हैं कि संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनाव कराने के लिए कार्यपालिका के बाहर एक अलग निकाय है।

# आतिशी ने सुविधाओं का जायजा लेने के लिए रंगपुरी पहाड़ी का दौरा किया



### उपराज्यपाल ने बताई थीं खामियां

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के सक्सेना और सत्तारूढ़ 'आम आदमी पार्टी' के बीच सहयोग का दुलर्भ दृश्य देखने को मिला, जहां मुख्यमंत्री आतिशी ने रंगपुरी पहाड़ी का रविवार को दौरा किया और वहां लोगों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। उपराज्यपाल ने यह मुद्दा उठाया था। फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सक्सेना ने शनिवार को रंगपुरी पहाड़ी का दौरा किया था और सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने क्षेत्र के लोगों, विशेषकर महिलाओं की दुर्दशा को दिखाया था। उपराज्यपाल ने कहा था कि राजधानी में लाखों लोगों की बेबसी और दयनीय जीवन को फिर से देखना बेहद निराशाजनक और परेशान करने वाला रहा। उन्होंने स्थानीय महिलाओं की परेशानियों का जिक्र किया, जो ऐसे क्षेत्रों में रहने के लिए मजबूर हैं जहां सड़कों पर सीवर का पानी भरा रहता है और बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।

# वित्त मंत्री सीतारमण ने भारत-पाक सीमा से सटे प्रसिद्ध तनोट राय माता मंदिर के किये दर्शन



**जैसलमेर :** केन्द्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे प्रसिद्ध तनोट राय माता मंदिर के दर्शन किए। सीमा सुरक्षा बल (राजस्थान) के महानिरीक्षक एम. एल. गर्ग और अन्य अधिकारियों ने पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। वित्त मंत्री ने तनोट माता मंदिर परिसर में स्थित विजय स्तम्भ पर पुष्प अर्पित करके शहीदों को श्रद्धांजलि दी। सीमा सुरक्षा बल ने वित्त मंत्री को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया। वित्त मंत्री ने विषम परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे सीमा सुरक्षा बल के बहादुर जवानों से बातचीत कर हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा की जवानों से मुलाकात करके उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है।

# दिल्लीः बिग बैश लीग मैचों पर अवैध सट्टेबाजी गिरोह संचालित करने के आरोप में 10 लोग गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने ऑस्ट्रेलिया में हो रही 'बिग बैश टी20 लीग' पर अवैध सट्टेबाजी गिरोह संचालित करने के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह गिरोह करोल बाग स्थित एक अपार्टमेंट से काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान दिल्ली निवासी राजू वैष्णव, जाग्रत सैहनी, परवेस कुमार और उत्तर प्रदेश के आगरा निवासी योगेश तनेजा, तरूण खन्ना, हरविंदर देओल तथा राजस्थान के मूल निवासी मनीष जैन, कुशल और गौतम दास के रूप में की गई। पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजय कुमार सैन ने बताया कि उन्हें राजू और उसके साथियों द्वारा करोल बाग के जोशी रोड से संचालित हो रहे गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे जोशी रोड स्थित एक फ्लैट पर छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि फ्लैट में तीन कमरे थे और उसमें राजू सहित 10 लोग रहते थे जहां वे लाइव मैच के दौरान लैपटॉप और मोबाइल फोन पर सट्टा लगाते पाए गए। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह गिरोह बिग बैश लीग 2024-25 में होबार्ट हरिकेंस और पर्थ स्कॉर्चर्स के बीच होने वाले सातवें टी20 मैच पर सट्टा लगा रहा था, जो सुबह 10.30 बजे शुरू हुआ था। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि गिरोह ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से काम करता था। ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए जाग्रत ने एक सट्टेबाजी वेबसाइट से मास्टर आईडी खरीदी थी। पुलिस उपायुक्त (अपराध) ने बताया कि समूह ऑफलाइन सट्टे स्वीकार करता था और उन्हें नोटपैड पर दर्ज करता था। उन्होंने बताया कि राजू ने यह फ्लैट 45,000 रुपये प्रति माह किराए पर लिया था।



# एनसीबी ने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ किया

## तीन नाइजीरियाई समेत चार लोग गिरफ्तार

**अहमदाबाद :** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने दो किलोग्राम 'केटामाइन' जब्त कर मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है और इस मामले में नाइजीरिया के तीन नागरिकों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एनसीबी ने रविवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि आरोपियों ने 'कूरियर' के जरिए भारत से विदेशों में 'केटामाइन' की तस्करी करने की साजिश रची थी। विज्ञप्ति में भारत से संचालित हो रहे मादक पदार्थ संबंधी संगठित अपराध के खिलाफ महत्वपूर्ण कार्रवाई का ब्योरा दिया गया है। इसमें कहा गया कि अमेरिका में 'केटामाइन' बहुत अधिक मूल्यवान प्रतिबंधित सामग्री है और इसकी वहां जमकर मांग है।




इस पदार्थ का प्रयोग 'डेट रेप' मादक पदार्थ के रूप में भी किया जाता है। एनसीबी अहमदाबाद को तीन दिसंबर को प्रारंभिक सूचना मिली थी कि विभिन्न किस्म के मसालों के पैकेट में करीब दो किलोग्राम 'केटामाइन' को छिपाकर 'कूरियर एजेंसियों' के माध्यम से अमेरिका भेजा जा रहा है। इसमें कहा गया कि व्यापक तकनीकी निगरानी और मानव खुफिया जानकारी के आधार पर मादक पदार्थ कानून प्रवर्तन एजेंसी अदनान फर्नीचरवाला नाम के एक व्यक्ति तक पहुंची। अदनान पहले पुणे में रहता था लेकिन बाद में वह अमेरिका चला गया था। एनसीबी ने कहा कि अमेरिका में फर्नीचरवाला के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी के तीन मामले दर्ज करने के बाद उसे भारत भेज दिया गया था। भारत में रहते हुए आरोपी पर पिछले साल एनसीबी मुंबई द्वारा स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत एक अन्य मामला दर्ज किया गया था और वर्तमान में वह पैरोल पर था। विज्ञप्ति में कहा गया, ''गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्यों में अभियान के दौरान उसका पता लगा लिया गया और आठ दिसंबर को कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित बेल्लाहल्ली क्षेत्र में एक 'अपार्टमेंट' से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।'' एनसीबी के अनुसार, जांच में सामने आया कि जब्त की गई 'केटामाइन' उसे दिल्ली से संचालित नाइजीरिया के एक गिरोह द्वारा दी गई थी, जो कूरियर एजेंसियों के माध्यम से प्रतिबंधित सामान की आपूर्ति करता था। एजेंसी ने कहा, ''18 दिसंबर को दिल्ली के महरौली इलाके से इमैनुएल इफानी न्वाओबियोरा उर्फ माइक को उसके दो साथियों एकलेमे अहमेफुला जोसेफ और इमैनुएल ओसाजा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।''

# भारतीय रेल ने 69वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2024 समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया सम्मानित

**मालीगाँव, समाज्ञा :** केंद्रीय रेल, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने 21 दिसंबर, 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में 101 रेल अधिकारियों को 69वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जोनों को 22 शील्ड प्रदान की। इस कार्यक्रम में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ श्री सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य तथा विभिन्न रेलवे जोनों एवं उत्पादन इकाइयों के महाप्रबंधक उपस्थित थे। पू. सी. रेलवे से, बदरपुर के लोको पायलट श्री राज नारायण कुमार और लामडिंग के वरिष्ठ सहायक लोको पायलट श्री राहुल कुमार प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेताओं में शामिल थे। श्री राज नारायण कुमार को त्रिपुरा में भारी भूस्खलन के दौरान एक अप्रिय घटना को टालने में उनकी असाधारण सतर्कता के लिए सम्मानित किया गया। उनकी सतर्कता से करीब 1,000 यात्रियों की जान बची थी। श्री राहुल कुमार ने असाधारण सतर्कता का परिचय देते हुए रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से होने वाली संभावित दुर्घटना को रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई की थी, जिससे चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और सीईओ श्री सतीश कुमार ने आधुनिकीकरण, सुरक्षा और आराम के साथ किफायती, विश्व स्तरीय रेल सेवाओं पर जोर दिया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन पहल जैसी परियोजनाओं पर प्रकाश डाला, जिसमें सभी के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं शामिल हैं और बड़े पैमाने पर परियोजनाओं को क्रियान्वित करने में रेलवे की टीम भावना और नेतृत्व की सराहना की।






## वेस्टइंडीज महिला टीम पर भारत की बड़ी जीत में मंधाना, रेणुका ने बिखेरी चमक



**वडोदरा:** स्मृति मंधाना की 91 रन की शानदार पारी के बाद रेणुका सिंह ठाकुर (पांच विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों के कमाल के प्रदर्शन से भारत ने तीन मैचों के पहले महिला एकदिवसीय में वेस्टइंडीज को रिकॉर्ड 211 रन के बड़े अंतर से शिकस्त दी। भारत ने नौ विकेट पर 314 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज की पारी को महज 26.2 ओवर में 103 रन पर समेट दिया। भारतीय टीम की यह रनों के लिहाज से वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे बड़ी जीत है। रेणुका ने 10 ओवर में 29 रन देकर करियर में पहली बार पांच विकेट चटकाये जबकि प्रिया मिश्रा को दो सफलता मिली। टिटास साधु और दीप्ति शर्मा ने एक-एक विकेट चटकाये। वेस्टइंडीज के लिए नौवें क्रम पर बल्लेबाजी करने आयी एफी फ्लेचर के नाबाद 24 रन के यो-गदान से रनों का शतक पूरा किया। टीम के लिए उनके अलावा सिर्फ शेमेन कैम्पबेल (21) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सकी। इससे पहले शानदार लय में चल रही मंधाना ने लगातार पांचवीं बार 50 रन (टी20 और एकदिवसीय) के स्कोर को पार किया है। उन्होंने 102 गेंद की पारी में 13 चौके लगाने के साथ अपना पदार्पण वनडे खेल रही प्रतिका रावल (69 में से 40) के साथ 110 रन की साझेदारी में ज्यादातर रन बनाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलायी। मंधाना की शानदार पारी के बाद हरलीन देयोल (50 गेंद में 44 रन), हरमनप्रीत कौर (23 गेंद में 34 रन), रिचा घोष (12 गेंद में 26 रन) और जेमिमा रोड्रिग्स (19 गेंद में 31 रन) ने तेजी से रन बनाये जिससे भारतीय टीम ने 300 रनों के आंकड़े को पार किया। वेस्टइंडीज के लिए जायदा जेम्स सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहीं। बाएं हाथ की इस स्पिनर आठ ओवर में 45 रन देकर पांच विकेट लिए। श्रृंखला का दूसरा एकदिवसीय इसी स्थल पर मंगलवार को खेला जायेगा। वेस्टइंडीज की सलामी बल्लेबाज कियान जोसेफ कमान हेली मैथ्यूज के साथ गफलत का शिकार होकर पारी की पहली गेंद पर स्ट्राइक पर आने से पहले ही रन आउट हो गयीं। मैथ्यूज भी 12 गेंद के बाद रेणुका की गेंद पर रिचा को कैच देकर खाता खोले बगैर पवेलियन लौट गयी। रेणुका ने इसके बाद डिएंड्रा डॉटिन (आठ) को बोल्ड किया जबकि टिटास ने रिशाद्रा विलियम्स के स्टंप्स को उखाड़कर वेस्टइंडीज का स्कोर 11 रन पर चार विकेट कर दिया। रेणुका ने इसके बाद आलिया एलेने और शाबिका गजनबी को चलता कर अपने पांच विकेट पूरे किये। पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण मिलने पर मंधाना ने पदार्पण मैच खेल रही प्रतिका पर दबाव हावी नहीं होने दिया।

# भारत ने बांग्लादेश को हराकर अंडर19 टी20 एशिया कप जीता




**कुआलालंपुर:** सलामी बल्लेबाज जी तृषा के शानदार अर्धशतक तथा आयुषी शुक्ला, सोनम यादव और पुरणिका सिसोदिया की बेहतरीन गेंदबाजी से भारत ने रविवार को यहां बांग्लादेश को 41 रन से हराकर पहले महिला अंडर19 टी20 एशिया कप का खिताब जीता। तृषा ने 47 गेंद पर 52 रन बनाए जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 117 रन बनाए। इसके बाद भारतीय स्पिनरों ने अपना जादू दिखाया और बांग्लादेश को 18.3 ओवर में 76 रन पर ढेर कर दिया। भारतीय बल्लेबाजों को तेज गेंदबाज फरजाना इस्मिन के सामने संघर्ष करना पड़ा जिन्होंने चार विकेट हासिल किए। भारत की तरफ से सबसे बड़ी साझेदारी तृषा और कप्तान निक्की प्रसाद ने चौथे विकेट के लिए 41 रन की निभाई। बांग्लादेश के सामने बड़ा लक्ष्य नहीं था और सातवें ओवर में उसका स्कोर दो विकेट पर 44 रन था लेकिन उसने अपने आखिरी आठ विकेट 32 रन के अंदर गंवा दिए। भारत की तरफ से आयुषी ने 17 रन देकर तीन, सोनम ने 13 रन देकर दो और पुरणिका ने 12 रन देकर दो विकेट लिए।

## रोहित और आकाश चोटिल, तेज गेंदबाज ने कहा चोट गंभीर नहीं





**मेलबर्न:** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बाएं घुटने जबकि तेज गेंदबाज आकाशदीप के हाथ पर यहां अभ्यास सत्र के दौरान चोट लग गई। आकाशदीप ने हालांकि बाद में कहा कि चोट गंभीर नहीं है तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम फिटनेस की किसी समस्या से नहीं जूझ रही है। इन दोनों खिलाड़ियों पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास सत्र के दौरान थ्रो डाउन का सामना करते हुए चोट लगी। यह दोनों खिलाड़ी कुछ असहज नजर आ रहे थे। रोहित ने अपने बाएं घुटने में चोट लगने के बावजूद बल्लेबाजी का अभ्यास जारी रखा लेकिन बाद में फिजियोथेरेपिस्ट ने उनका उपचार किया। वह कुछ देर तक कुर्सी पर पैर पसारकर बैठे रहे और फिर चुपचाप चले गए। रोहित की स्थिति को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है लेकिन आकाश ने कहा कि यह अभ्यास के दौरान लगने वाली मामूली चोट है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'जब आप क्रिकेट खेलते हैं तो इस तरह की मामूली चोट लगना आम बात होती है। मुझे लगता है कि अभ्यास के लिए तैयार किया गया यह विकेट सफेद गेंद की क्रिकेट के लिए है और यही वजह है कि उसमें कुछ गेंद नीची रह रही थी।'' आकाश ने कहा,'अभ्यास के दौरान इस तरह की चोट लगना आम होता है। चोट को लेकर कोई बड़ी चिंता नहीं है।' रोहित अपने बेटे के जन्म के कारण पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे लेकिन इसके बाद अगले दो मैच में वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे। वह अभी तक तीन पारियों में केवल 19 रन बना पाए हैं। शनिवार को सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के हाथ में भी चोट लगी थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच मैच की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबरी पर है।

## भारत की अनाहत और मलेशिया के चंद्रन बने चैंपियन

**मुंबई:** भारत की दो बार की चैम्पियन अनाहत सिंह ने रविवार को यहां 9,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) चैलेंजर टूर्नामेंट - 79वें वेस्टर्न इंडिया स्लैम के महिला एकल फाइनल में हमवतन शीर्ष वरीय आकांक्षा सौलंके पर 3-0 की जीत दर्ज कर अपना दबदबा जारी रखा। दूसरी वरीय 16 साल की अनाहत ने हमवतन आकांक्षा को महज 25 मिनट में 11-8 11-8 11-8 से शिकस्त देकर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। वहीं पुरुषों के फाइनल में मलेशिया के दूसरे वरीय अमीशेनराज चंद्रन ने चेक गणराज्य के शीर्ष वरीय विक्टर ब्राइटस को 60 मिनट तक चले मुकाबले में 3-1 (15-13, 6-11, 11-5, 11-3) से हराकर खिताब जीता।

## न्यूज अपडेट

### ब्रिस्बेन टेस्ट में फॉलोऑन बचाना लक्ष्य नहीं था: आकाशदीप

**मेलबर्न:** आकाशदीप ने जसप्रीत बुमराह के साथ मिलकर ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में 10वें विकेट के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी करके भारत को फॉलोऑन से बचाया था लेकिन इस युवा तेज गेंदबाज ने रविवार को कहा कि उनका लक्ष्य केवल फॉलोऑन बचाना नहीं बल्कि टीम में अहम योगदान देना था। केएल राहुल और रविंद्र जडेजा को छोड़कर भारत का कोई भी अन्य बल्लेबाज तीसरे टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। ऐसे में भारत पर फॉलोऑन का खतरा मंडरा रहा था लेकिन आकाश और बुमराह ने दसवें विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी करके इसे टाल दिया था। बारिश से प्रभावित यह मैच आखिर में ड्रॉ रहा था। आकाश ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''हम निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए आते हैं और इसलिए 20, 25 या 30 रन का योगदान बहुमूल्य होता है। मैं तब केवल टीम में योगदान देने के बारे में सोच रहा था। मैं उस दिन फॉलोऑन बचाने के लिए नहीं खेल रहा था। मेरा ध्यान केवल इस पर था कि मुझे आउट नहीं होना है। ईश्वर ने चाहा और हम फॉलोऑन बचाने में सफल रहे।'' आकाश ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस पर चौका लगाकर फॉलोऑन बचाया था। इसके बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों को जश्न मनाते हुए देखा गया।

### चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मैचों की मेजबानी दुबई करेगा



**कराची:** भारत चैम्पियंस ट्रॉफी के अपने ग्रुप चरण के मैचों को दुबई में खेलेगा और रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम अगर नॉकआउट चरण में पहुंची तो इसका सेमीफाइनल और फाइनल भी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजित किया जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक विश्वसनीय सूत्र ने पुष्टि की कि शनिवार रात पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और उनके यूएई समकक्ष शेख नाहयान अल मुबारक के बीच एक बैठक के बाद दुबई को तटस्थ स्थल के रूप में चुना गया था। शेख नाहयान मौजूदा समय में सिंध के घोटकी क्षेत्र में छुट्टियां मना रहे हैं। नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री भी है। उन्होंने शेख नाहयान के साथ मुलाकात कर पाकिस्तान की मेजबानी में खेले जाने वाले टूर्नामेंट के प्रशासनिक मामलों को अंतिम रूप दिया। चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर बृहस्पतिवार को गतिरोध आखिरकार खत्म हो गया जब आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने घोषणा की कि भारत 50 ओवर के टूर्नामेंट के अपने मैच मेजबान देश पाकिस्तान के बजाय तटस्थ स्थान पर खेलेगा। पाकिस्तान के लिए भी 2027 तक यही व्यवस्था लागू होगी और वह भारत में होने वाले टूर्नामेंट तटस्थ स्थलों पर खेलेगा। उम्मीद है कि आईसीसी अब आयोजन के अंतिम कार्यक्रम की घोषणा करेगा, जिसमें पाकिस्तान में नौ से 10 मैचों का आयोजन हो सकता है। सूत्र ने कहा, अगर भारत फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाता है तो खिताबी मुकाबला लाहौर में होगा। हाइब्रिड मॉडल की व्यवस्था चैंपियंस ट्रॉफी 2025 (पाकिस्तान), अगले साल भारत में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप और 2026 में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप में लागू होगी। भारत ने सुरक्षा चिंताओं के कारण फरवरी-मार्च में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया था। भारतीय खिलाड़ियों ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान में कोई मैच नहीं खेला है जिसमें 150 लोग मारे गए थे। दोनों देशों के बीच आखिरी द्विपक्षीय टूर्नामेंट 2012 में हुआ था। पाकिस्तान की यात्रा के लिए भी भारत सरकार की मंजूरी की जरूरत होती है जो अपने फैसले पर अडिग है। बीसीसीआई का रुख हमेशा ही स्पष्ट रहा है लेकिन पीसीबी के तटस्थ स्थानों की 'एकतरफा' व्यवस्था को अनुमति देने से इनकार करने के कारण मामला लंबा खिंच गया। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी के नेतृत्व में पीसीबी स्थानीय जनता के सामने अपनी प्रतिष्ठा नहीं खोना चाहता था। पीसीबी ने पिछले साल वनडे विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत भेजी थी।

## रोहित को अपनी रणनीति बदलकर छठे नंबर पर अधिक आक्रामक बल्लेबाजी करनी चाहिए: रवि शास्त्री

**मेलबर्न:** कप्तान रोहित शर्मा जब बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रन बनाने का तरीका समझने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तब भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का कहना है कि इस स्टाइलिश बल्लेबाज को स्पष्ट मानसिकता के साथ उतरना चाहिए और साथ ही अपनी रणनीति बदलकर गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामकता अपनानी चाहिए। रोहित अपने दूसरे बच्चे के जन्म के समय परिवार के साथ रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट मैच नहीं खेल पाए थे। उम्मीद थी कि वह सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे लेकिन पर्थ में भारत की जीत में केएल राहुल की 77 रन की शानदार पारी के बाद बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया गया और रोहित को छठे नंबर पर उतारा गया।

समाज्ञा व्यापार

## अकासा एयर मार्च तक अपने बेड़े में जोड़ सकती है कुछ और विमान




**नयी दिल्ली:** अकासा एयर के प्रमुख विनय दुबे ने कहा है कि कंपनी विमानों की डिलिवरी पर बोइंग के साथ लगातार चर्चा कर रही है और उसे मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अपने बेड़े में कुछ और विमान जुड़ने की उम्मीद है। अगस्त, 2022 में परिचालन में आई एयरलाइन के पास फिलहाल 26 बोइंग 737 मैक्स विमानों का बेड़ा है और उसने 200 विमानों का ऑर्डर दिया है। हाल ही में पीटीआई-भाषा से विशेष बातचीत में दुबे ने कहा कि यह साल कंपनी के लिए अच्छा रहा है और 2025 में इसे और बेहतर बनाने का काम जारी रहेगा। उन्होंने कहा, हमारे द्वारा प्रदान की गई सेवा उत्कृष्टता के बारे में, मुझे लगता है कि उपभोक्ता अकासा को एक दयालु और सौम्य एयरलाइन के रूप में देखते हैं, जो थोड़ी अधिक सहानुभूतिपूर्ण है। हम अपने यात्रियों के साथ इसी तरीके को बरकरार रखेंगे।' उन्होंने कहा कि एयरलाइन यह भी सुनिश्चित करना जारी रखेगी कि उसके कर्मचारी प्यार और सम्मान महसूस करें। इसी महीने, कंपनी के कुछ पायलटों ने कथित प्रशिक्षण और सुरक्षा मुद्दों के बारे में चिंता जताई थी, और एयरलाइन ने उन्हें निराधार और असत्य बताकर खारिज कर दिया था। एयरलाइन ने इस साल अपने बेड़े में चार विमान शामिल किए हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या विमान डिलिवरी को लेकर कोई चिंता है, तो दुबे ने कहा कि अकासा एयर में आपूर्ति शृंखला की कोई समस्या नहीं है और एयरलाइन का बोइंग के साथ बहुत अच्छा रिश्ता है। एयरलाइन के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने कहा, हम विमान की डिलिवरी के लिए बोइंग के साथ लगातार चर्चा कर रहे हैं। विमान की डिलिवरी कैसे और कब होगी, इस बारे में अपेक्षाओं के संदर्भ में हम उनके साथ काम करना जारी रखेंगे।

# इस साल आईपीओ बाजार में रही 'धूम', 90 कंपनियों ने रिकॉर्ड 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए




**नयी दिल्ली:** आर्थिक वृद्धि की रफ्तार, अनुकूल बाजार परिस्थितियों और नियामकीय ढांचे में सुधार की वजह से इस साल यानी 2024 में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के बाजार में काफी तेजी देखने को मिली है। साल के दौरान कंपनियों ने आईपीओ के जरिये रिकॉर्ड 1.6 लाख करोड़ रुपये की राशि जुटाई है। माना जा रहा है कि अगला साल भी आईपीओ के लिए काफी अच्छा रहेगा। आईपीओ के लिए असाधारण रहा यह साल न केवल निर्गम लाने वाली कंपनियों के भरोसे को दर्शाता है, बल्कि इससे निवेशकों के विश्वास का भी पता चलता है। निवेशकों ने सूचीबद्धता के दिन लाभ कमाने के अलावा दीर्घावधि के लिए भी कंपनियों की क्षमताओं में भरोसा जताया है। इस साल हुंदै मोटर इंडिया का 27,870 करोड़ रुपये का आईपीओ आया। यह देश के इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ है। साल के दौरान बड़ी, मझोली और छोटी - कंपनियों ने शेयर जारी कर धन जुटाया। 2024 में आईपीओ का औसत आकार बढ़कर 1,700 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। 2023 में यह 867 करोड़ रुपये रहा था। अकेले दिसंबर में कम से कम 15 आईपीओ आए हैं। आनंद राठी एडवाइजर्स के निदेशक व प्रमुख-ईसीएम, निवेश बैंकिंग वी प्रशांत राव ने कहा, 'खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की सक्रिय हिस्सेदारी, निजी पूंजीगत व्यय में वृद्धि और बुनियादी ढांचे और प्रमुख क्षेत्रों पर सरकार के ध्यान से सामूहिक रूप से आईपीओ के जरिये धन जुटाने की गतिविधियों ने रफ्तार पकड़ी।'' बाजार विश्लेषकों का मानना है कि नए साल में भी आईपीओ के जरिये धन जुटाने की गतिविधियों में तेजी रहेगी। अगले साल यानी 2025 में आईपीओ का आंकड़ा इस साल के आंकड़े को पार कर सकता है। इक्विरस के प्रबंध निदेशक और इक्विटी पूंजी बाजार के प्रमुख मुनीश अग्रवाल ने कहा,'75 आईपीओ दस्तावेज इस समय मंजूरी के विभिन्न चरणों में हैं। इस आधार पर हमारा मानना है कि 2025 में कंपनियां आईपीओ के जरिये 2.5 लाख करोड़ रुपये तक जुटा सकती हैं।' अगले साल जिन कंपनियों के आईपीओ आने हैं उनमें एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज का प्रस्तावित 12,500 करोड़ रुपये का निर्गम शामिल है। इसके अलावा एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का 15,000 करोड़ रुपये का निर्गम और हेक्स-वेयर टेक्नोलॉजीज का 9,950 करोड़ रुपये का आईपीओ भी प्रस्तावित है। एक्सचेंज के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 2024 में 90 आईपीओ आए जिनके जरिये सामूहिक रूप से 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए। इसमें 23-24 दिसंबर को समाप्त होने वाले आठ आईपीओ शामिल हैं। इसके अलावा, यूनिमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग का 500 करोड़ रुपये का आईपीओ 23 दिसंबर को खुलने वाला है। साथ ही वोडाफोन आइडिया ने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के जरिये 18,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे पिछले साल यानी 2023 में 57 कंपनियों ने आईपीओ से 49,436 करोड़ रुपये की राशि जुटाई थी। 2021 में 63 कंपनियों ने आईपीओ से 1.2 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। यह दो दशक का सबसे ऊंचा आंकड़ा था। प्राइमडाटाबेस.कॉम के आंकड़ों के अनुसार, छोटी और मझोली कंपनियों (एसएमई) के आईपीओ के बाजार में भी इस साल काफी तेजी देखने को मिली है। साल के दौरान 238 छोटी और मझोली कंपनियों ने शेयर जारी कर 8,700 करोड़ रुपये जुटाए हैं। 2023 में एसएमई आईपीओ के जरिये 4,686 करोड़ रुपये की राशि जुटाई गई थी। इस साल का सबसे बड़ा आईपीओ हुंदै मोटर इंडिया (27,870 करोड़) का रहा। उसके बाद स्विगी (11,327 करोड़ रुपये), एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी (10,000 करोड़ रुपये), बजाज हा-उसिंग फाइनेंस (6,560 करोड़ रुपये) और ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (6,145 करोड़ रुपये) का स्थान रहा। इसके उलट विभोर स्टील ट्यूब्स के आईपीओ का आकार सबसे छोटा यानी 72 करोड़ रुपये रहा।

## न्यूज अपडेट

### मोदी सोमवार को सरकारी विभागों में नई भर्तियों के लिए 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नई भर्तियों के लिए 71,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी बयान के अनुसार, रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को सुबह करीब 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये 71,000 से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। पीएमओ ने बताया कि इस अवसर पर वह उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार मेला युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म-सशक्तीकरण में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। ये नियुक्तियां विभिन्न केंद्रीय सरकारी मंत्रालयों और विभागों के लिए की जा रही है। पीएमओ ने कहा कि देशभर से चयनित ये लोग केंद्रीय गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा वित्तीय सेवा विभाग सहित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में शामिल होंगे।

### चमड़ा निर्यात चालू वित्त वर्ष में 12 प्रतिशत बढ़कर 5.3 अरब डॉलर पर पहुंचने की उम्मीद : सीएलई

**नयी दिल्ली:** चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) के चेयरमैन राजेंद्र कुमार जालाना ने उम्मीद जताई है कि देश का चमड़ा और फुटवियर निर्यात प्रमुख वैश्विक बाजारों में अच्छी मांग के कारण चालू वित्त वर्ष (2024-25) में 12 प्रतिशत बढ़कर 5.3 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका सहित कई देशों की कंपनियां भारत में विनिर्माण आधार स्थापित करने में गहरी रुचि दिखा रही हैं। जालान ने कहा, हमारा निर्यात 2023-24 में 4.69 अरब डॉलर था और चालू वित्त वर्ष में हम इसे बढ़ाकर 5.3 अरब डॉलर करने की उम्मीद कर रहे हैं। आने वाले महीनों के लिए ऑर्डर बुक अच्छी है। उन्होंने कहा कि 'अमेरिका और ब्रिटेन से भारी मांग आ रही है।' जालान ने कहा कि भारतीय निर्यातक अफ्रीका में भी व्यापार के अवसर तलाश रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह उद्योग श्रम प्रधान है, जो करीब 42 लाख लोगों को रोजगार देता है। इस क्षेत्र का कुल कारोबार करीब 19 अरब डॉलर का है, जिसमें पांच अरब डॉलर का निर्यात है। जालान ने कहा, इस क्षेत्र में 2030 तक कुल कारोबार 47 अरब डॉलर तक पहुंचने की क्षमता है, जिसमें 25 अरब डॉलर का घरेलू और 13.7 अरब डॉलर का निर्यात कारोबार शामिल है। उन्होंने सरकार से यह भी अनुरोध किया कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को इस क्षेत्र में भी लागू किया जाए क्योंकि इससे 47 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी और लगभग सात से आठ लाख लोगों के लिए अतिरिक्त रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### वीओसी बंदरगाह की हरित हाइड्रोजन के लिए 41,860 करोड़ रुपये के निवेश की योजना

**तूतीकोरिन (तमिलनाडु):** तमिलनाडु स्थित वीओ चिदंबरनार (वीओसी) बंदरगाह ने देश के हरित हाइड्रोजन-अमोनिया केंद्र के रूप में खुद को विकसित करने के लिए 41,860 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। बंदरगाह ने इस साल माल लदान में वृद्धि के बाद क्षमता बढ़ाने के उपाय भी किए हैं। वीओसी बंदरगाह ने 19 दिसंबर, 2024 तक 5.62 लाख टीईयू कंटेनर सहित 2.97 करोड़ टन का माल संभाला है। रविवार को जारी बयान के अनुसार वीओसी बंदरगाह ने खुद को भारत के हरित हाइड्रोजन-अमोनिया केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए 41,860 करोड़ रुपये के कुल निवेश से हरित हाइड्रोजन और अमोनिया विनिर्माण और भंडारण संयंत्र की स्थापना के लिए चार कंपनियों को 501 एकड़ जमीन आवंटित की है।

## नीता अंबानी हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में भारत के वैश्विक प्रभाव को बढ़ावा देंगी

**बोस्टन:** रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी 15-16 फरवरी, 2025 को बोस्टन में आयोजित हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में मुख्य भूमिका में होंगी। हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस (आईसीएच) ने रविवार को यह जानकारी दी। आयोजकों ने बयान में कहा, ''भारत की सबसे प्रभावशाली आवाजों में से एक के रूप में अंबानी ने अपनी सामाजिक समानता पहल के जरिये आठ करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। उन्होंने साथ ही भारत की वैश्विक क्षमता की पैरोकारी करना भी जारी रखा है।'' हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस अमेरिका में छात्रों के नेतृत्व वाले भारत केंद्रित सबसे बड़े और सबसे प्रभावशाली सम्मेलनों में से एक है। हार्वर्ड बिजनेस स्कूल और हार्वर्ड केनेडी स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस वार्षिक कार्यक्रम में वैश्विक मामलों में भारत की उभरती भूमिका पर संवाद को बढ़ावा दिया जाता है। इसमें विचारक, नीति-निर्माता, उद्यमी और सांस्कृतिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां एक साथ आती हैं। इस साल सम्मेलन में दो दिन में विविध क्षेत्रों के 80 से अधिक प्रतिष्ठित वक्ता भाग लेंगे।

## भारत में टिकाऊ विमानन ईंधन का प्रमुख उत्पादक बनने की क्षमता : आईएटीए अधिकारी



**जिनेवा/नयी दिल्ली:** भारत में अपनी एथनॉल आपूर्ति और गैर-खाद्य औद्योगिक तेलों जैसे लिपिड फीडस्टॉक्स (वसा, तेल और ग्रीस) की उपलब्धता का उपयोग करके टिकाऊ विमानन ईंधन का प्रमुख उत्पादक बनने की क्षमता है। वैश्विक एयरलाइंस समूह आईएटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है। भारत में कार्बन कटौती के प्रयास किए जा रहे हैं और पिछले कुछ वर्षों में भारतीय विमानन कंपनियों ने पर्यावरण अनुकूल यानी टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) और पारंपरिक एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के मिश्रण के साथ कुछ उड़ानें संचालित की हैं। अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) में निदेशक (नेट जीरो ट्रांजिशन) हेमंत मिस्त्री ने कहा कि एसएएफ के लिए पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो गया है, लेकिन अभी और काम किया जाना बाकी है। मिस्त्री ने हाल ही में जिनेवा में पीटीआई-भाषा से विशेष बातचीत में कहा, भारत के लिए इस समय कुछ बहुत अच्छे अवसर हैं। इनमें से एक अवसर कृषि अपशिष्ट जैसे एसएएफ कच्चे माल के संदर्भ में है...एसएएफ उत्पादन के लिए क्या करना है, इस बारे में समझ बढ़ रही है। हम यह समझने के लिए कई कंपनियों से बात कर रहे हैं कि हम पेट्रोलियम कंपनियों के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं। आईएटीए भारतीय एयरलाइन कंपनियों समेत लगभग 340 एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करता है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4096 अंक 247, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in